हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.4 डिग्री

12 नेशनल योगासन में 12 राज्यों से आए 300 से ज्यादा प्रतिभागी



13 महिला व बाल विकास विभाग ने किया पोषण पखवाड़ा का आयोजन



[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद |पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




# पीजी व पीएचडी विद्यार्थियों का सुपरविजन करेगा हिमाचल आईआईटी

### टेक्नीकल यूनिवर्सिटी व आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश के मध्य शैक्षणिक अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई एवं आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश के बीच एमओयू किया गया। इस एमओयू को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम. के. वर्मा एवं आईआईटी मंडी के निदेशक डॉक्टर लक्ष्मीधर बेहरा द्वारा सम्पदित किया गया। जिसके तहत अनुसंधान एवं अकादमिक गतिविधियों के विकास पर दोनों संस्थाओं द्वारा संयुक्त प्रयास किए जाएंगे। इस एम ओ यू के तहत फैकल्टी एवं स्टाफ, दोनों संस्थानों में आवागमन कर शैक्षणिक एवं कंसल्टेंसी कार्यों का क्रियान्वयन कर सकेंगे। इसके तहत संयुक्त रूप से संस्थान के नियम अनुसार पोस्ट ग्रेजुएट, पीएचडी के छात्रों का सुपरविजन किया जाएगा।

अलग खबर

### बीटेक ऑनर्स को इंटर्नशिप की सुविधा

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के बी. टेक. ऑनर्स के छात्र अपनी 6 माह की इंटर्नशिप स्टाइपेंड के साथ आईआईटी मण्डी में विषय विशेषज्ञों के मार्ग दर्शन में वहीं रहकर पूर्ण कर सकेंगे।संयुक्त रूप से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट सेमिनार वर्कशॉप कॉन्फ्रेंस आदि आयोजित किया जा सकेंगे। इस प्रकार से विश्वविद्यालय के छात्रों को विश्व स्तर के प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक सुविधा मिल पाएगी साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के संसाधनों की उपयोगिता के अवसर मिलेगा। उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण एवं उन्नयन की सुविधा भी छात्रों को प्राप्त होगी जिसे आधुनिक जगत की आवश्यकता अनुसार इंडस्ट्री रेडी मानव संसाधन तैयार हो सके।



### 10 हजार स्तर की फेब्रिकेशन लैब की सुविधा

आई आई टी मंडी में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के डिजाइन और निर्माण केंद्र इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के डिजाइन और निर्माण पर बहु-विषयक अनुसंधान के लिए एक अद्वितीय विश्व स्तरीय सुविधा है। इस लैब में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस फेब्रिकेशन, एडवांस्ड लिथोग्राफी एंड मैटेरियल्स फॉर सेमीकंडक्टर इंडस्ट्रीज , फोटोनिक एंड फोटोवोल्टिक डिवाइस , टेस्टिंग एंड पैकेजिंग ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस , इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस डिज़ाइन एंड सिमुलेशन स्थापित है । इस केंद्र में क्लास 100, क्लास 1000 और क्लास 10000 स्तर की फेब्रिकेशन प्रयोगशालाएं हैं। जहां उच्च-स्तरीय परिष्कृत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण डिज़ाइन, निर्माण और लक्षण वर्णन उपकरण स्थापित हैं। यह एमओयू 5 वर्षों के लिये होगा ।

## खबर संक्षेप

### एनसीए व जीसीसीए का संचालन 30 से

**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी जीसीसीए के सहयोग से नागपुर क्रिकेट अकादमी एनसीए 30 मार्च से कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में संचालन शुरू करने जा रही है। एनसीए के निर्देशक माधव बाकरे और जीसीसीए विराज चौहान ने बताया कि जीसीसीए एनसीए जेवी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को अकादमी स्तर पर सर्वोत्तम कोचिंग सुविधाओं के साथ-साथ सभी प्रकार के बुनियादी ढांचे प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कल्याण कॉलेज ग्राउंड में सुबह 6 बजे से रात 8.30 बजे तक अभ्यास की सुविधा।

### सेफ्टी कप क्रिकेट मैच से देंगे सुरक्षा का संदेश




**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में सेफ्टी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक द्वारा 6 अप्रेल से सेफ्टी कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है । इसमें बीएसपी कर्मचारी सीआईएसफ एवं राइट्स के कर्मचारी भाग लेंगे । स्टील इंपलाइज यूनियन इंटक के महासचिव वंश बहादुर सिंह ने बताया कि यूनियन सड़क सुरक्षा एवं औद्योगिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट के माध्यम से कर्मियों में सुरक्षा के प्रति और अधिक जागरूकता लाने के लिए से "सेफ्टी कप" टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन टूर्नामेंट सेक्टर 1 क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया गया है । इसमें भिलाई के कर्मचारी, सीआईएसएफ राइट्स के कर्मचारी भाग ले सकेंगे। रजिस्ट्रेशन का अंतिम दिन 2 अप्रैल है।

### दो दिवसीय रामचरित मानस प्रेम यज्ञ कल से

**भिलाई।** गुरू घासीदास नगर वार्ड




23 भिलाई में 30 से 31 मार्च तक सार्वजनिक दो दिवसीय सस्वर श्री रामचरित्र मानस गान प्रेम यज्ञ का आयोजन किया गया है। अखिल ब्रह्मांड नायक अकारण करूणा के सागर सीताराम महाराज के कृपा से यह आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन सुबह 9 बजें दीप प्रज्वलित किया जाएगा। समापन 31 मार्च रविवार को किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह रात 10 बजे गुरू घासीदास नगर में किया जाएगा।

### राजस्व वसूली में तेजी लाने आयुक्त का निर्देश

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा आयुक्त डी.एस.राजपूत ने विगत दिनों राजस्व विभाग के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान टैक्स वसूली के कार्य में तेजी लाने कहा है। निगम की सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे ने बताया कि टैक्स वसूली के कार्य में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करने वार्ड प्रभारी राजस्व कर्मचारी घर-घर विजिट कर रहे है। निगम कार्यालय में भी टैक्स जमा लिये जाने कर्मचारी कार्य से संलग्न किए गए है।

### संपत्ति कर, समेकित कर,जलकर सहित अन्य टैक्स वसूली टारगेट से पीछे

# भिलाई निगम वित्तीय वर्ष की टैक्स वसूली में टारगेट से 20 करोड़ पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वर्ष 2023- 24 वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। वित्तीय वर्ष केवल तीन दिन शेष है। भिलाई नगर निगम संपत्ति कर व समेकित कर सहित अन्य टैक्स जमा करने के लिए लोगों को सुविधा भी दे रही है। भिलाई निगम का मुख्य आय का स्त्रोत संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर और दुकानों का किराया है। भिलाई निगम को 123.75 करोड़ रुपए सभी तरह के टैक्स वसूली करने का टारगेट था। जिसमें से 103.72 करोड़ की वसूली हो पाई है। यानी 20.03 करोड़ रुपए वसूली नहीं कर पाई है। एक अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 की यह स्थिति है।

हरिभूमि पड़ताल




### करोड़ों रुपए ठेका एजेंसी को भुगतान

भिलाई निगम टैक्स वसूली ठेका एजेंसी के माध्यम से करती है। घर.घर जाकर नोटिस देना और टैक्स वसूली का क्रम ठेका एजेंसी कर रही है। उसके बाद भी टैक्स वसूली की स्थिति अच्छी नहीं है। टैक्स वसूली के एवज में भिलाई निगम ठेका एजेंसी को हर साल करोड़ों रुपए का भुगतान कर रही है। निगम प्रशासन द्वारा लगातार बैठकें लेकर और चेतावनी देने के बाद भी टैक्स वसूली टारगेट के अनुरूप नहीं हो पा रहा है।

### इस तरह टैक्स वसूली में पिछड़े

#### समेकित कर 593.83 लाख की वसूली नहीं

भिलाई निगम को 2023-24 वत्तीय वर्ष में1198.32 लाख रुपए की समेकित कर वसूली करना है लेकिन 605.49 लाख रुपए की ही वसूली हो पाई है। यानी कुल टारगेट का केवल 50.44 प्रतिशत की समेकित कर वसूल पाई है। समेकित कर का 593.83 लाख की वसूली नहीं कर पाई है। निगम प्रशासन ने पिछले तीन महीने से अभियान चला रही है।

#### संपत्ति कर 606.54 लाख बाकी

भिलाई नगर निगम का संपत्ति कर वर्ष 2023.24 वित्तीय वर्ष में 3130.12 लाख रुपए की वसूली करने का टारगेट था। जिसमें निगम ने 2523.58 लाख रुपए की वसूली कर पाई है। संपत्ति कर भिलाई निगम को लोगों से 606.54 लाख रुपए की वसूली करना बाकी है। यह वसूली 80.62 प्रतिशत है।

#### जलकर 53 लाख नहीं जमा किए लोग

भिलाई निगम द्वारा पेयजल की आपूर्ति पूरे निगम क्षेत्रों में की जाती है। हर महीने पेयजल का टैक्स वसूली करना है लेकिन अभी भी हजारों लोगों ने जलकर नहीं दिया। 2023.24 वत्तीय वर्ष में जलकर के रूप में 250 लाख रुपए की डिमांड थी। इस डिमांड के विरूद्ध 197.14 लाख रुपए की वसूली हो पाई है। यानी 53 लाख रुपए जलकर बकाया है।

### भुगतान के लिए वेबसाइट लांच

नगर पालिक निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र के करदाताओं के लिए आनलाईन टैक्स भुगतान की सुविधा प्रदान की है। जो हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में संपादित किया जा सकता है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने भिलाई निगम क्षेत्र के संपत्तिकर, जलकर, भू.भाटक एवं दुकान किराया की राशि भुगतान के लिए वेबसाईट लॉच किये है। जिससे भिलाई के कराद‍ाता आसानी से घर बैठे अपने टैक्स राशि का भुगतान कर सकें।

### इस तरह करें ऑनलाइन भुगतान

निगम की वेबसाईट में संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इस ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट,डेबिट, नेटबैंकिग, यूपीआई पूछा जाएगा। जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी। जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है।

### हेल्पलाइन नंबर भी जारी

भिलाई निगम ने टैक्स भुगतान की दिक्कतों को देखते हुए हेल्प लाईन नम्बर 9153986401 जारी किया है। लोग इस नंबर पर कॉल करके अथवा व्हाटस्अप के माध्यम से भी भवन स्वामी निगम के देय करों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। निगम द्वारा भी सम्पत्तिकर विभाग में भवन मालिक के पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर एसएमएस से करों की जानकारी भेजी जा रही है।

### अधिभार से बचें लोग

31 मार्च के बाद लगेगा 18 प्रतिशत अधिभार करदाताओं के लिए हमने वेबसाइट लांच किया है। लोग घर बैठे टैक्स का भुगतार कर सकते हैं। 31 मार्च के बाद 18 प्रतिशत अधिभार लगेगा।

-डीके ध्रुव,
आयुक्त भिलाई निगम

### संभागायुक्त कोर्ट में 4 अप्रैल को सुनवाई

# जातिगत मामले में पार्षदों से मांगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- हाईकोर्ट के आदेश के बाद पार्षद तलब
- वार्ड-24 के नितीश यादव व वार्ड-35 के पार्षद मो. सलमान का मामला

भिलाई निगम के दो निर्वाचित पार्षद जाति मामले में गलत जानकारी देने के आरोप से घिरे हुए हैं। इन पार्षदों की संभाग आयुक्त कोर्ट में सुनवाई चल रही है। संभागायुक्त कोर्ट ने इन दोनों पार्षदों को 4 अप्रैल को तलब किया है कि वे अपने पक्ष में दस्तावेज सहित पेश हों। अन्यथा छग नगरपालिक अधिनियम की धारा 1956 की धारा 19 (1) (अ - 1) के तहत बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

### दस्तावेज के साथ उपस्थित हों पार्षद सलमान

भिलाई निगम के वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद मोहम्मद सलमान के द्वारा जिला निर्वाचन आयोग को फर्जी जाति प्रमाण पत्र पेश कर चुनाव लड़ने की शिकायत भिलाई निगम नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा व चंदन यादव ने की है। संभाग आयुक्त कोर्ट ने इसकी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से जांच प्रतिवेदन मंगवाई। जांच प्रतिवेदन में कहा है कि वर्ष 2015-16 के दायर पंजी में मोहम्मद सलमान पिता मोहम्मद सुभान दर्ज नहीं है। भाग 1 सन 2015-16 दिनांक 7-10-2016 से प्रांरभ होकर 25-2-2017 तक हुआ है। दायरा पंजी में राजस्व पंजी क्रमांक 1 से लेकर 2965 तक दर्ज है। राजस्व पं. क्रं. 363/ ब- 12/ 2015-16 के 12-11-2016 में नोमिता देशमुख पिता युवराज देशमुख के नाम दर्ज है।

### वार्ड 24 के पार्षद भी होंगे पेश

पार्षद नितीश कुमार यादव वार्ड क्रमांक 24 के निर्वाचित पार्षद हैं। इनके खिलाफ सिद्धार्थ यादव द्वारा संभाग आयुक्त कोर्ट में आवेदन लगाया गया है। यहां सुनवाई के दौरान आवेदक पक्ष द्वारा यह बताया गया कि पार्षद नितीश यादव ने पार्षद चुनाव लड़ने के दौरान जो अन्य पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र के बजाय झूठा शपथ पत्र पेश किया। जाति प्रमाण पत्र के लि च्वाइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन स्टेट्स संलग्न किया। न कि जाति प्रमाण पत्र। इस मामले में कोर्ट ने पार्षद नितीश यादव को 4 अप्रैल को दस्तावेज के साथ प्रस्तुत होने कहा है।

### हाईकोर्ट ने दिए हैं निराकरण के आदेश

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर में आरोपी पार्षदों द्वारा रिट याचिका लगाई गई है। रिट याचिका क्रमांक 1015 /2024 की सुनवाई करते हुए 19 फरवरी 2024 को निर्णय पारित करते हुए हाईकोर्ट ने तीन महीने में इस प्रकरण का निराकरण करने के आदेश दिए हैं। संभाग आयुक्त कोर्ट ने दोनों पार्षदों को दस्तावेश पेश कर हाजिर होने कहा है।

### बालक लापता

**भिलाई।** घर से बिना बताए लापता हुए बालक की कोई जानकारी अभी तक



नहीं मिल पाई है। परिजनों ने आसपास खोजबीन करने के बाद पुलिस में शिकायत किया है। मिली जानकारी के मुताबिक शीतला पारा मोरिद वार्ड 39 नगर निगम भिलाई-3 चरोदा निवासी मानेश्वर वर्मा का पुत्र सभ्य वर्मा उर्फ हनी वर्मा 9 वीं का छात्र है। 22 मार्च की सुबह घर से निकला और आज तक घर नहीं लौटा है।

### अलग-अलग ब्रांड का दूध पाउडर भी मिला

# दूध व पनीर प्रोसेसिंग यूनिट में खाद्य विभाग की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पाटन ब्लाक में स्थित दुध और पनी की प्रोसेसिंग यूनिट में खाद्य विभाग ने दबिश दी। छापेमारी की है। आशंका है कि फैक्ट्री में नकली दूध और पनीर बनाया जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम ने बड़े पैमाने पर दूध, पनीर, दूध पाउडर, यूरिया, केमिकल और ऑयल जब्त किया है। खाद्य अधिकारियों के मुताबिक सैम्पल की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फूड सेफ्टी अधिकारी क्षीर सागर पटेल ने बताया कि उन्हें बुधवार रात सूचना मिली थी कि पाटन के देमार गांव में नकली दूध और पनीर बनाया जा रहा है। स्थानीय पुलिस की मदद से देर रात दबिश दी गई। गुरुवार सुबह 11 बजे तक यहां कार्रवाई चलती रही। बताया जा रहा है कि प्रोसेसिंग यूनिट के गोडाउन में पहुंची तो यहां बोरियों में अलग-अलग ब्रांड के दूध पाउडर के सैकड़ों पैकेट मिले। इसके साथ ही यहां पर सैकड़ों टिन के डिब्बों में फूड ऑयल, यूरिया और केमिकल पाया मिला है।



प्रोसेसिंग यूनिट के संचालक नावेद खान ने बताया कि वह दूध पाउडर सेल करते हैं। जो केमिकल और डिटर्जेंट मिला है, उससे प्रोसेसिंग यूनिट की सफाई की जाती है। खाद्य विभाग की टीम ने पूरे स्टोर रूम को सील कर दिया है। संचालक रायपुर निवासी नावेद खान ने बताया कि जो यूरिया स्टोर रूम में मिला है। उसका इस्तेमाल वे अपने गार्डन और खेत में करते हैं। मौके से आधी बोरी यूरिया मिली है। सैंपल की जांच के बाद पता चलेगा कि दूध और पनीर में केमिकल और यूरिया मिला है या नहीं। फैक्ट्री में एसिटिक एसिड के कई गैलेन मिले हैं। गैलन में चेतावनी लिखी है कि इसका उपयोग ग्लव्स पहनकर ही करना है, नहीं तो ये स्किन बर्न कर सकता है। हालांकि फैक्ट्री संचालक का कहना है कि वह इसे मशीन की सफाई के लिए इस्तेमाल करता है।

### लिया गया है सैम्पल

मिली जानकारी के मुताबिक जो फूड ऑयल उसके गोदाम में मिला है वो नमकीन बनाने में इस्तेमाल होता है। वो किसी ब्रांड की नमकीन नहीं बनाता बल्कि लूज में बेचता है। नमकीन बनाने की यूनिट रायपुर शंकर नगर में और तेल का स्टोर पाटन में करता है। फैक्ट्री के भीतर से गैल में जब्त किया गया। सैंपल फेल हुआ तो यूनिट संचालक के खिलाफ एक्शन कार्रवाई के दौरान मौके पर पहुंचे पाटन के नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खाद्य विभाग की टीम ने सैंपल ले लिया है। सैंपल फेल हुआ तो यूनिट संचालक के खिलाफ नियमानुसार की कार्रवाई की जाएगी।

### अवकाश स्वीकृति के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में लोस निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के लिए समस्त प्रकार के अवकाश की स्वीकृति के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं दुर्ग अश्वनी देवांगन को नोडल अधिकारी अवकाश स्वीकृति नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी सीईओ देवांगन को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक अवकाश के संबंध में प्राप्त समस्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत शासन के दिशा-निर्देशों-रियायतों के अंतर्गत निराकरण की कार्यवाही सुनिचित करने कहा गया है।

# पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस में मिला 6 लाख का गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस से रेलवे पुलिस को राजश्री गुटखा के थैले में 6 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नाकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरपीएफ ने प्री इलेक्शन सीजर को लेकर टास्क टीम ने 18 पैकेट गांजा लवारिश हालत में बरामद किया है। मुखबिर की सूचना पर ट्रेन 12843 पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस के सामान्य



कोच में दो राजश्री पान मशाला के थैला लावारिश हालत में ट्रेन में पड़ा मिला। जिसे खोलकर देखने पर 30 किलो गांजा मिला। आसपास में बैठे यात्रियों से रेलवे पुलिस ने पूछताछ करने पर अनभिज्ञता जाहिर किया।

### आईजी व फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ ने दी जानकारी

# फिंगर प्रिंट को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने रेंज स्तरीयेक दिवसीय फिंगर प्रिंट प्रशिक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित किया था। इस दौरान फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ रायपुर संभाग राकेश नरवरे ने अपराध विवेचना में नवीन तकनीक इस्तेमाल के रूप में घटित अपराध में फिंगर प्रिंट की महत्ता के बारे में बताया है। इसके अलावा फिंगर प्रिंट पहचान से विवेचना अधिकारी को किसी भी अपराध में वांछित अपराधी के रिकार्ड की पड़ताल में काफी मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि शिनाख्त के उद्देश्य फिंगर प्रिंट लेते समय बरती जाने वाली सावधानियों और उसके रख-रखाव के तरीको को बारीकी से समझाना, नेफिस में लिये गये फिंगर प्रिंटों को एकजाई अपलोड करने को लेकर बताया है। आईजी राम गोपाल गर्ग ने पुलिस कर्मचारियों से कहा कि वैज्ञानिक युग में ज्यादा से ज्यादा साइंस का इस्तेमाल क्राइम इन्वेस्टिगेशन में किया जाए।




इसके काफी फायदे हैं। इसे सबसे बड़ा फायदा यह है कि जांच में पारदर्शिता आती है और संदेह की कोई संभावना नहीं रहती। कार्यशाला में एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी चिराग जैन, डीएसपी लाइन एलेक्जेंडर कीरो, पुलिस लाइन चंद्रप्रकाश तिवारी, नीलकंठ वर्मा, शामिल ते। इसके अलावा रेंज के अंतर्गत विभिन्न थानों में पदस्थ कोर्ट मोहर्रिर, एम.ओ.बी.,कोलेटर आरक्षक बालोद, बेमेतरा से कुल 120 से अधिक प्रशिक्षणार्थी मौजूद ते।




## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

# सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, बनो देश के भाग्य विधाता के लग रहे नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

## मतदाताओं को प्रोत्साहित करने निकाली जागरुकता रैली

आगामी लोकसभा चुनाव के पहले मतदाताओं को जागरूक करने जिला निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जागरूकता रैली निकालकर इस अभियान से जुडने लोगों से अपील की जा रही है।

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एडीएम अरविन्द्र एक्का एवं नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता द्वारा निगम अधिकारी व कर्मचारियां सहित लोगों को हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये ये शपथ लेते हैं कि, हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ दिलाई गई। इसी कड़ी में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता आरके पालिया, जितेंद्र समैया, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के अलावा समस्त निगम अधिकारी कर्मचारियों ने रैली के दौरान कर्मियों ने अपने हाथों में तख्ती पकड़े हुए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लिखे हुए थे।

### इस तरह लग रहे जागरुकता के नारे

मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, बनो देश के भाग्य विधाता। अब जागों प्यारे मतदाता। जन-जन की पुकार हैं। वोट देना हमारा अधिकार है। वोट डालने जाना हैं का उद्घोष किया। जिसके तहत निगम सीमा क्षेत्र में पैदल रैली का आयोजन किया गया। निगम कार्यालय से गांधी प्रतिमा से होते हुए न्यू बस स्टैंड होकर चर्च के सामने से रविशंकर स्टेडियम में रैली पहुंची। जहां वाहनों को एकत्र कर स्वीप अक्षर का आकार देकर वाहनों से बनाया गया।



### दिलाई गई मतदाताओं को शपथ

आकृति आकर्षण का केंद्र रहा। मतदाता जागरूकता के लिए इसी कड़ी में दुर्ग निगम में मतदाता जागरूकता के लिए विशाल पैदल रैली निकाली गई। शहर की प्रमुख सड़कों से निकली रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया गया। मतदान के प्रति अपनी आस्था रखते हुए मताधिकार का निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण उपयोग करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत अपने मताधिकार का निश्चिंत रूप से उपयोग करने एवं हर वर्ग के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई गई।

## खबर संक्षेप

### समन्वय स्थापित करने नोडल अधिकारी नियुक्त

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए समस्त प्रवर्तन एजेंसियों से समुचित समन्वय स्थापित करने एवं आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों में विधिवत अग्रिम कार्यवाही करने हेतु समन्वय स्थापित करने नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री देवेश ध्रुव (आई.ए.एस.) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार नोडल अधिकारी के कार्यों के संपादन हेतु हिमांशु देशमुख कार्यपालन अभियंता, सिद्धार्थ साहू उप अभियंता एवं बालकृष्ण नायडू सहायक राजस्व अधिकारी की ड्यूटी सहायक के रूप में लगाई गई है। आदेशानुसार उक्त अधिकारी कर्मचारी नोडल अधिकारी देवेश ध्रुव (आईएएस) आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के निर्देशानुसार कार्य संपादित करेंगे। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### डाकमत पत्र के लिए बैठक संपन्न

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा एवं नोडल अधिकारी डाक मत पत्र श्री दशरथ सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आज निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने 7 विभागों से नियुक्त नोडल अधिकारियों को डाक मत पत्र के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर कोषालय अधिकारी श्री सीबी साहू, रेलवे ट्रांसपोर्ट सेवा, जनसंपर्क कार्यालय, विद्युत विभाग, बीएसएनएल, पोस्ट ऑफिस, स्वास्थ्य विभाग डॉ. सीबीएस बंजारे एवं खाद्य विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### शिकायतों के निराकरण हेतु समिति गठित

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान जप्त की गई नकदी इत्यादि को अवमुक्त करने के लिए तथा इस संबंध में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु समिति गठित की गई है। समिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नोडल अधिकारी ईईएम, सहायक नोडल अधिकारी ईईएम और वरिष्ठ कोषालय अधिकारी शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार समिति, पुलिस अथवा स्थैतिक निगरानी दल या उड़नदस्ता द्वारा की गई जप्ती के प्रत्येक मामले की अपनी ओर से जांच करेगी। समिति द्वारा यह पाया जाता है कि मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार जप्ती के संबंध में कोई प्राथमिकी/शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जप्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से जुड़ी हुई नहीं है तो वह ऐसे व्यक्तियों को जिनसे नकदी जप्त की गई थी। ऐसी नकदी रिलीज के बारे में स्पीकिंग आदेश जारी करने के पश्चात रिलीज आदेश करने के लिए तत्काल कदम उठायेगी। समिति सभी मामलों का अवलोकन करेगी तथा जप्ती पर निर्णय लेंगी।

## जिला पंजीयक कार्यालय में उमड़ रही भीड़, रेलमपेल की स्थिति

# एक रजिस्ट्री में लगा रहा एक घंटा उमस से उबल रहे क्रेता और विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंजीयक कार्यालय में एनजीडीआरएस प्रणाली जब से लागू हुआ हैं तब से आय दिन तकनीकि खामियां खडी हो रही है। वित्तिय वर्ष के अंतिम समय में भी इस तरह की समस्या समाने आ रही है। एक रजिस्ट्री के लिए एक घंटा लग रहा है। जिला पंजीयक कार्यालय में 39 डिग्री की गर्मी में क्रेता और विक्रेता उबलने को मजबूर है। रजिस्ट्री कराने पक्षकारो को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

उल्लेखनीय है कि, वित्तिय वर्ष के 31 मार्च के बाद कलेक्टर गाइड लाइन में परिवर्तन हो जाएगा। जिसके चलते रोजाना जिला पंजीयक कार्यालय में बडी संख्या में पक्षकार रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे है। लेकिन नई साफ्टवेयर के चलते दोनो पक्षों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिला पंजीयक कार्यलय में उमस भरी गर्मी से लोग हालाकान हो रहे है। जिला पंजीयक कार्यालय में रोजाना भीड उमडने लगी है। रजिस्ट्री की प्रक्रिया देर रात तक चल रही है। जिला पंजीयक पुष्पलता ध्रुवे ने बताया कि, इस साल 360 करोड रूपए का सालाना टारगेट दिया गया था। जिसकी पूर्ति 23 मार्च को ही पूरा कर लिया गया था। वही इसके बाद की रजिस्ट्री से जिला पंजीयक कार्यालय का खजाना छलकने लगा है।

**एसी में बैठे अफसर और गर्मी में उबल रहे क्रेता और विक्रेता**





### लगातार होती रहेगी रजिस्ट्रियां

जानकारी अनुसार अन्य जिलो में रविवार 31 मार्च 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के अंतिम दिवस को जिला कोषालय कार्यालय सहित सभी उप कोषालय कार्यालय एवं भारतीय बैंक शाखा व सभी वरिष्ठ उप पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। लेकिन दुर्ग में अब तक जिला प्रशासन द्वारा कोई निर्देश जारी नही किया गया है। जिला पंजीयक की माने तो 31 मार्च तक अवकाश के दिनों में भी रजिस्ट्री होगी और दफ्तर खुला रहेगा। अन्य जिलो में आगामी रविवार को रात्रि 10 बजे तक कार्यालय खुला रखने कहा गया है।

### जिला पंजीयक कार्यालय में पीने का पानी नहीं

जिला पंजीयक कार्यालय में इन दिनों रजिस्ट्री के लिए रोजाना सैकडों की संख्या में पक्षकार पहुंच रहे है। लेकिन उनके बैठने और पानी की व्यवस्था भी नही कराई गई है। हाल ही में दफ्तर के सामने नया भवन बनाया गया है। लेकिन खिडकी आदि की व्यवस्था नही होने से यहां उमस से पक्षकार हालाकान हो गए है। ग्रामीण से आए पक्षकारों ने बताया कि, वे सुबह से आए है लेकिन उनक टोकन नंबर शाम पांच बजे तक नही लगा।

### अब तक नई गाइडलाइन का पता नहीं

हर साल एक अप्रैल से नया कलेक्टर गाइड लाइन लागू हो जाता है। लेकिन इस बार अब तक राज्य शासन द्वारा नया गाइडलाइन जारी नही किया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि, पुरानी दर पर ही जमीन की रजिस्ट्रियां होती रहेगी। वही कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट का नियम भी आगामी दिनों तक लागू रहेगा।

## नेशनल योगासन में 12 राज्यों से आए 300 से ज्यादा प्रतिभागी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

एशियाई व राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन से मान्यता प्राप्त संस्था छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ एवं योग लंगर समिति के तत्वाधान में चौथी सब जूनियर जूनियर एंड सीनियर गर्ल्स एंड बॉयज नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आगाज 28 मार्च को सेक्टर 6 भिलाई बीएसपी स्कूल में हुआ।

■ तीन दिवसीय शिविर में बताया जाएगा महत्व

कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने योग के महत्व को बताया और बच्चों में इस भावनाओं को लेकर आगे बढ़ाने कहा। मुख्य अतिथि नरेंद्र बंछोर, (अध्यक्ष ओ ए सेल भिलाई) ने कहा कि, जो बच्चे योग कर रहे हैं। वह आजीवन स्वस्थ रहेंगे, भारतीय सनातन परंपरा में योग का बहुत महत्व है। नियमित योग करने के बहुत फायदे हैं, योग को जीवन में उतारना होगा। प्रेम निरंजन खेल संघ के अरुण पंडा ने कहा कि, यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि फेडरेशन ने हमें आयोजन का मौका दिया। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एवं योग लंगर समिति के अशोक माहेश्वरी का धन्यवाद दिया। एनवाईएसएफ के योग शिरोमणि गोपाल ने कहा कि, योग में महारत हासिल करने वालों के लिए अब सरकार वो सारे अवार्ड देगी, जो अन्य खेलों में देती है। सरकार ने अब योग से जुड़े प्रशिक्षक एवं अन्य के लिए पद्मश्री तक के पुरस्कार के लिए भी रास्ते खोल दिए हैं।

### अन्य राज्यों से आए प्रतिभागी

कार्यक्रम में असम के प्रतिभागियों ने एक अभूतपूर्व प्रदर्शन कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। अध्यक्षता राधे गोविंद बाजपेई ने किया। उक्त मौके पर डॉक्टर संजीव शुक्ला (रुंगटा ग्रुप), हर्ष मंत्री, योग शिरोमणि गोपाल, रमेश लोहान, डीके शर्मा, शशीकांत जैन, नलिन नाथ नेशनल योग स्पोर्ट्स फेडरेशन से उपस्थित रहे। वहीं अन्य गणमान्य नरेंद्र नाथ वैदिक धनाद संस्थान, योग गुरु अशोक महेश्वरी, केशव बंछोर रिसाली निगम सभापति, अरुण पंडा, कमलेश मित्र, पार्षद संजू नेताम प्रवीण कुमार चोपड़ा आदि उपस्थित थे। मंच संचालन रीना पाटिल, मंजू चंदेल ने किया।

## मृतक के परिजनों को मिली 16 लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोपली थाना उतई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी भुनेश्वरी सपहा की विगत 04 मार्च 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम उमदा, तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री डोमनदास भारती की विगत 14 नवम्बर 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। संगम चौक वार्ड क्र. 10 जामुल तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी श्री अजय सेन की विगत 06 जनवरी 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। वार्ड नं. 15 बजरंग नगर उतई तहसील व जिला दुर्ग निवासी श्री अमन कश्यप की 13 अप्रैल 2023 को नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. भुनेश्वरी सपहा की माता श्रीमती कचरी बाई को, स्व. डोमनदास भारती की पत्नि श्रीमती गहना भारती को, स्व. अजय सेन के पिता श्री शिव कुमार सेन को एवं स्व. अमन कश्यप के पिता श्री रमेश कुमार कश्यप को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## केंवट समाज का अपूर्णीय योगदान और महत्व है: सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केवट धीवर समाज द्वारा होली मिलन समारोह बेरला में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग रहे। इस सामाजिक और फूलों की होली मिलन समारोह में दूर-दूर से समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए समाज के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल का भव्य स्वागत किया।

■ केंवट धीवर समाज ने खेली फूलो की होली

सांसद श्री बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि केवट समाज का भारत देश में बहुत महत्व है। दुनिया में सब की नैया पार करने वाले भगवान श्री राम है और केवट समाज के गुहा निषाद महाराज ने भगवान श्री राम को गंगा जी से पार लगाया था। इस तरह से हमारे समाज में केवट समाज का अपूरणीय योगदान और महत्व है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में रामराज्य लाने का सपना देखा है और हम इस रास्ते पर काम कर रहे हैं। विदेशी आक्रांताओं ने जब हमारी सभ्यता संस्कृति और संस्कारों को कुचल कर रख दिया है, तो हमारे सामने सबसे पहला लक्ष्य इसे वापस लाने का है। उन्होंने कहा कि इस तरह का समारोह आयोजित कर केवट समाज की युवा पीढ़ी ने गुहा निषाद महाराज के बताएं रास्ते पर आगे चलने के संकल्प को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने देश को मजबूत बनाने, भ्रष्टाचारी तत्व और माफिया दातों से लड़ने के लिए देश में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आव्हान किया। सभी ने पुष्प उडाकर और एक दूसरे को पुष्प के टीके लगाकर जमकर होली खोली खेले और एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिहा, जनपद पंचायत सभापति भुवनेश्वरी, पोषण वर्मा, संजय परगनिया, एनडी तिवारी, राम हृदय वर्मा, सेवाराम निषाद, आनंद यादव, राजीव देवांगन, संध्या परगनिहा, लता वर्मा, चंद्रकांत परगनिया, सुखनंदन निषाद, नरेंद्र, साक्षी, ज्ञान प्रसाद निषाद, प्रदीपवर, संतोष निषाद, रामावतार निषाद, राजू निषाद, दुर्गा प्रसाद निषाद, बलराम, तेवर, विश्राम निषाद आदि उपस्थित थे।



### महापुरुषों का सपना चकनाचूर कर दिया

सांसद विजय बघेल ने कहा है कि सोने की चिड़िया कहलाने वाले भारत को यहूदियों, मुगलों और अंग्रेजों ने लूटा। हमारे महापुरूषों ने कल्पना की थी कि आजादी मिलने के बाद भारत देश फिर से सोने की चिड़िया के रूप में स्थापित हो सकेगा, लेकिन आजादी मिलने के बाद यहां सत्ता जिन लोगों के हाथों में चली गई। उन लोगों ने भी सिर्फ देश को लूटने और भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम किया। आजादी के बाद देश की सत्ता संभालने वाले लोगों ने हमारे महापुरुषों का सपना चकनाचूर कर दिया। वहीं आगे उन्होने कहा कि जनता जनार्दन की कृपा से पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार चल रही है और हम देख रहे हैं कि इस दौरान पूरी दुनिया में भारत देश का कितना मान सम्मान बड़ा है। हम आर्थिक रूप से कितने समृद्ध हुए हैं।

*हालेकोसा में 19 से 25 अप्रैल के मध्य शिवपुराण कथ*

## 19 अप्रैल से हालेकोसा में शिव महापुराण सुनाएंगे पं. प्रदीप मिश्रा, आठ एकड़ में पंडाल का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छुरिया के समीप हालेकोसा गांव में आगामी 19 से 25 अप्रैल तक शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है। सात दिवसीय इस आयोजन में पं. प्रदीप मिश्रा दोपहर एक से चार बजे तक कथा सुनाएंगे।

इसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू हो गई है। गांव में जहां आठ एकड़ खेत में पंडाल का काम शुरू हो गया है। वहीं यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए कई इंतजाम भी किए जा रहे हैं। शिव महापुराण की कथा को लेकर आसपास के गांवों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। हालेकोसा गांव में शिव महापुराण कथा की तैयारियां शुरू हो गई है। यहां जमीन को समतल करने से लेकर पंडाल लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। पिछले दिनों आयोजक दिनेश साहू और ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर तैयारियां शुरू कराई गई है। आठ एकड़ में पंडाल का काम चल रहा है। वहीं निस्तारी के लिए तालाब में पानी भरवाया जा रहा है। आयोजक का कहना है कि इस बार लाखों श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। सात दिन तक गांव में श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है। गर्मी को देखते हुए पंडाल में पंखे भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा पेयजल को लेकर भी व्यवस्थाएं की जा रही है।





### एक हजार वालंटियर्स रहेंगे तैनात

ऐन लोकसभा चुनाव के दौरान हो रहे इस आयोजन को लेकर आयोजकों ने भी काफी तगड़ी व्यवस्था करने की तैयारी की है। करीब एक हजार वालंटियर्स तैनात किए जाएंगे, जो पूरे आयोजन स्थल में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा आयोजन स्थल तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए ई-रिक्शे और मिनी बस का भी इंतजाम किया जा रहा है।

### दूसरी बार आएंगे पंडित मिश्रा

हालेकोसा निवासी दिनेश साहू द्वारा मार्च 2022 में गांव में शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में आसपास के राज्यों से भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए थे। पिछले कुछ माह पहले रायपुर में आयोजित कथा के समापन के बाद भी पंडित मिश्रा हालेकोसा गांव पहुंचे थे और दूसरी बार गांव में शिव महापुराण की कथा के आमंत्रण को स्वीकार किया था।

### पिछली बार से चार गुना पंडाल

हालेकोसा में पिछले दो साल पहले भी शिव महापुराण की कथा हुई थी। इस दौरान पं. प्रदीप मिश्रा से कथा सुनने के लिए यहां लाखों लोग आए थे। उस दौरान करीब दो एकड़ में पंडाल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन इस बार भीड़ को देखते हुए आठ एकड़ खेत में पंडाल का काम शुरू कर दिया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग**
**न्यायालय में उपस्थित होने बाबत व्यक्तिश: सूचना**
मामला क्रमांक 202308100700081/अ-27/वर्ष 2022-23

प्रति, 1. कृष्ण कुमार आ. दौवा प्रसाद
2. ना.बा. चन्द्रशेखर आ. जनार्दन प्रसाद वली माता जुमना बाई पति जनार्दन प्रसाद
3. बिल्लु शेखर आ. जनार्दन प्रसाद
4. सुरेश आ. जनार्दन प्रसाद
5. अनिल कुमार आ. कमल नारायण
6. सुनील कुमार आ. कमल नारायण
7. विजय कुमार आ. कमल नारायण
8. अजय कुमार आ. कमल नारायण

सभी निवासी-कायस्थ बाड़ी, शिक्षक नगर, दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग

विषयः- क्रय/विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत।

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम दुर्ग प.ह.नं.-19 तहसील व जिला-दुर्ग मे स्थित भूमि खसरा नंबर 987/1, 1009/1380/1 रकबा 0.072 हे. भूमि जो कि आवेदिका कु. बबीता श्रीवास्तव पिता स्व. विमल श्रीवास्तव एवं अन्य सहखातेदार के नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि को मौखिक बंटवारा के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 11/04/2024 को नियत है। अतः आप नियत सुनवाई दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा पेश कर सकते है। बाद में आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/02/2024 मे मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

तहसीलदार, दुर्ग

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय भव्य फाग महोत्सव कल से

**अंडा।** श्री आदर्श नवयुवक फाग उत्सव समिति, श्री नव ज्योति बघधर्रा जस परिवार, श्री गौरीनंदन जस एवं फाग झांकी मंडली और समस्त ग्रामवासी चिंगरी के तत्वावधान में दो दिवसीय भव्य फाग महोत्सव का आयोजन 30 मार्च एवं 31 मार्च को रखा गया हैं। चेतन लाल यादव, सुमन निर्मलकर व अछोटी के हंसराज दिल्लीवार ने बताया कि इसी तारीख पर अंडा, आलबरस, अछोटी में भी दो दिवसीय भव्य फाग महोत्सव का आयोजन रखा गया हैं।

### चंगोरी में फागुन के रंग काव्य गोष्ठी आज

**निकुम।** शारदा साहित्य समिति निकुम व समस्त ग्रामवासी चंगोरी के तत्वावधान में 29 मार्च को दोपहर 12 बजे ग्राम चंगोरी में फागुन के रंग कवियों के संग कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्यअतिथि वरिष्ठ साहित्यकार आत्माराम कोषा होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.संतराम देशमुख, विषेश अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दादुलाल जोशी, संपादक मानस मंजुशा वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश देशमुख, साहित्यकार व कवि कैलाश श्रीवास्तव, चंगोरी सरपंच गोमती निषाद, उपसरपंच भेदी बाई व मंच संचालन उजियार पवार करेंगे।

### शिव महापुराण कल से

**अंडा।** शिव महापुराण 30 मार्च से 7 अप्रैल तक श्री विष्णु धाम ओटेबंद जगभांठा बगीचा में किया जाएगा। कथा वाचक पंडित मनोज दुबे भरेंगाव राजनंदगांव वाले होंगे। प्रणय कर्ता दिपेश्वर पांडेय करेंगे। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक शिव अभिषेक और कथा का समय 1 से 5 बजे तक चलेगा।

### परिक्षेत्रीय साहू समाज झीट की हुई बैठक



**पाटन।** विधानसभा परिक्षेत्रीय साहू समाज झीट की बैठक ग्राम नारधी के साहू सदन मे आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव एवं तहसील साहू संघ पाटन द्वारा ग्राम पतोरा मे 20 व 21 अप्रैल को विशाल सामूहिक आदर्श विवाह के संदर्भ मे जानकारी दी गई। परिक्षेत्रीय.साहू समाज झीट के अध्यक्ष कल्याण साहू द्वारा समाज के लोगो को समाजिक चर्चा से अवगत कराया की। उन्होंने आगे बताया की आने वाले पाप मोचनी एकादशी 5 अप्रैल से भक्त माता कर्मा जयंती का अगाज हो रहा है। जिसके बाद प्रत्येक गांव मे भक्त माता कर्मा की जयंती शुरु हो जाएगी।

## निधन

### रामसहाय साहू

**सेलूद।** पाटन ब्लाक के ग्राम मटंग निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी रामसहाय साहू उम्र 73 वर्ष का निधन 28 मार्च को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार मटंग के मुक्तिधाम में किया गया। वे परिक्षेत्रीय साहू संघ तेलीगुंडरा के अध्यक्ष डुलेश्वर साहू के पिता व डेविड साहू के दादा थे।

### भाजपा दक्षिण पाटन मंडल स्तरीय बैठक में मंथन

# 400 से पार कराने वाले आम कार्यकर्ता को खास बनने का मौका देती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भाजपा दक्षिण पाटन मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन गुरुवार को जैन भवन जामगांव आर में आयोजित किया गया। मुख्य मार्गदर्शक दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव थे। मंडल प्रभारी रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ सह संयोजक भगवान सिंह चंद्राकर ने भी मार्गदर्शन दिए। दुर्ग जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद जैन, जिला पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूप सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, शरद बघेल युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, वरिष्ठ भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू, कन्हैयालाल साहू, लालजी डहरे, मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, उपाध्यक्ष टेसराम साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, अजय बघेल, उतरा साहू, गायत्री यादव, किसान मोर्चा महामंत्री मुकुंद विश्वकर्मा, राधेश्याम राठी, गंगाराम जोशी, रमेश टंडन, नरेंद्र धरमगुड़ी, तीरथ पटेल, खुमान जांगडे, सुरेश जैन, भीखम राठी, युवा मोर्चा प्रचार प्रभारी मुंगन सपहा आदि उपस्थित थे। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने दिए। कार्यकर्ताओ ने अपनी व्यथा भी सुनाए।

**लोकसभा चुनाव को लेकर विधायक गजेंद्र ने कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी**





### 400 पार कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही संभव

दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि लोस चुनाव में भाजपा प्लस 400 पार बूथ स्तर की मजबूती पर ही संभव होगी। जन जन और सबके के मन में मोदी है घर घर मोदी का संदेश पहुंचाने का काम प्रत्येक कार्यकर्ता का है। कार्यकर्ता समर्पित होकर केंद्र सरकार और राज्य की डबल इंजन सरकार की कामयाबी और उज्ज्वल भविष्य की जनहित के लिए दिशा और दशा का एहसास कराए ,आमजनता पहले ही मोदी की कार्य शैली से परिचित है आप केवल मोदी का जय श्री राम के साथ अभिवादन पहुंचाए। समर्पित काम के दम पर आम से खास बनने का मौका देती है भाजपा। मंडल प्रभारी रोहित साहू ने बूथ प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिए।

### जो जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं को मिली है उसमें खरा उतरे

सहकारिता प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक भगवान सिंह चंद्राकर ने कहा कि कार्यकर्ता के समर्पण से सफलता भाजपा को मिलती है और न जाने कौन सा सबेरा समर्पण का फल लेकर आपके दरवाजे आकर बड़ी जिम्मेदारी दे जायेगी यह भविष्य के गर्भ में है। विगत 5 वर्ष में आप भाजपा मोदी की करिश्मा में आम कार्यकर्ता को खास बनते देखे हैं जो जिम्मेदारी मिली है उसमे खरा उतरे। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है बड़े और सच्चे मन से कार्य करे व्यक्तिगत हित भी अच्छा परिणाम कारक होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता की निषक्रियता और सक्रियता दोनो चर्चा का विषय बनती है। अपने और पार्टी के हितों के लिए संभल कर चलना होगा। इस दौरान मेघनाथ सागरवंशी, संजय साहू, उज्ज्वल केला, अरुण चंद्राकर, सुरेश बंछोर, अभिषेक सेन, दानीराम वर्मा, ललित राजपूत, अशोक शर्मा, रवि सिन्हा, गोपाल ठाकुर, संजय चंद्राकर, भानुप्रिया साहू, देवानंद देवांगन, डेमन कौशिक, केशव साहू आदि उपस्थित थे।

# बढ़ती महंगाई के लिए पूरी तरह से केंद्र सरकार ही जिम्मेदार है: राजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम अंडा में जोन स्तरीय कांग्रेस की बैठक रखी गई। जिसमें लोक सभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने कहा कि बीजेपी सरकार की सिर्फ बात ही बात और लोगों के साथ विश्वासघात किया है लोगों को बीजेपी की करनी और कथनी में कितना अंतर है अब यह समझ में आ गया है। उन्होंने कहा कि लोगों में बीजेपी सरकार के खिलाफ बहुत गुस्सा है और लोग चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों के साथ जो धोखा किया है उसका बदला आने वाले चुनाव में कांग्रेस की सरकार बना कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि देश में बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है। अभी जितनी महंगाई है, उतनी कभी नहीं रही। बढ़ती महंगाई के लिए पूरी तरह से केंद्र सरकार जिम्मेदार है। पेट्रोल, गैस, दाल, तेल, सब्जी, आटा जैसी हर घर के लिए जरूरी चीजों के दाम बढ़ने से लोग परेशान हैं।

श्री साहू ने राहुल गांधी ने देश की जनता के लिए पांच गारंटी है जिसमें महालक्ष्मी गारंटी, आधी आबादी का पूरा हक, शक्ति का सम्मान, अधिकार मैत्री, सावित्री बाई फुले हॉस्टल योजना से आम जनता को होने वाले लाभ होगा को आम जन तक पहुंचाना है। महालक्ष्मी गारंटी योजना एक ऐसी योजना है जिससे सभी गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। इन योजना को कांग्रेस का कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचाए, यह कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। सभी प्रमुख कार्यकर्ता ने अपनी अपनी बात रखी आज पूरा देश केंद्र की भाजपा सरकार के महंगाई से परेशान है। युवा वर्ग बेरोजगारी से, किसान को उनका हक न मिलने से, महिलाओं को सुरक्षा न मिलने से परेशान है। इसका जवाब आने वाले समय में जनता भाजपा को देगी। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अपने आप को राजेंद्र साहू समझे और पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करें, क्योंकि राजेंद्र साहू को प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में एक विशेष उत्साह दिख रहा है।

■ कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन भी किया गया

कार्यकर्ताओ के साथ होली मिलन भी किया गया, सबको रंग-गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर मुंह मिठाई किया गया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी पदम कोठारी, दुर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत सभापति योगिता चन्द्राकर, सभापति लक्ष्मी साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, तारकेश्वर चन्द्राकर, मुन्ना, डॉ. पिलेश्वर साहू, सरपंच अंडा उमा देवी चन्द्रकार, अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस पुकेश चंद्राकर, केके चंद्राकर, डॉ. चेलक सहित आदि उपस्थित थे।

# पंचायत के सदस्यों और ग्रामीणों ने अवैध खनन करते दो जेसीबी व सात हाईवा पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन विधानसभा में लगातार अवैध उत्खनन शिकायत लगातार मिल रही है इसी बीच पाटन ब्लाक के ग्राम पाहंदा अ में आंवला बगीचा तारबांध के पास अवैध मुरम उत्खन्न करते हुए पंचायत के पदाधिकारीयों ने एवं ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा 22 मार्च 2024 को 2 जेसीबी 7 हाईवा रंगे हाथ थाना प्रभारी अमलेश्वर के द्वारा पकडा गया। उक्त मुरम ग्राम पाहंदा अमलेश्वर रोड में निर्माणाधीन सड़क में डालकर बाफना कंस्ट्रक्शन द्वारा राजस्व की क्षति एवं समतल शासकीय जमीन को गढ्ढा खोदकर ग्राम पंचायत पाहंदा को लाखों रूपयों का आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है। पंचायत के सरपंच एवं पंचों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारी अमलेश्वर को सूचना करने पर उक्त ठेकेदार ने ग्रामीणों को देख लेने की धमकी दिया गया। थाना प्रभारी ने गांव वाले के रिपोर्ट के बाद मौका निरीक्षण किया गया उसके बाद ठेकेदार से जानकारी मांगने पर सरपंच, पंच एवं ग्रामवासियों के बीच बाफना कंस्ट्रक्शन के मैनेजर द्वारा यह बात स्वीकार की गई कि ग्राम के उपसरपंच सुरेन्द्र साहू एवं पंच पवन यदु से दूरभाष पर ठेकेदार से सांठ-गांठ कर उत्खन्न की अनुमति दी गई है। ग्राम पंचायत पाहंदा के उपसरपंच सुरेन्द्र साहू पूर्व अध्यक्ष, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर एवं वर्तमान में प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रशिक्षण प्रमुख है। एसडीएम, थाना प्रभारी अम्लेश्वर को दिए गए ज्ञापन में राजकुमार बघेल, दीपक कुमार, कुंजलाल साहू, नीरज साहू, राकेश साहू, प्रेम लाल साहू, शिशुपाल साहू, उत्तम कुमार, भूपेन्द्र साहू, गंगाराम पटेल, ओमनकुमार, आशीष साहू, पुनीतराम साहू के हस्ताक्षर हैं।



■ पंचायत पदाधिकारी व ग्रामीणों ने एसडीएम एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग



### गिरधारी दास का जन्म शताब्दी समारोह मना

**अंडा।** आजादी के दिवाने रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गिरधारीदास मानिकपुरी का जन्म शताब्दी समारोह ग्राम कुथरेल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गिरधारी दास मानिकपुरी के 100वें जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित जन्म शताब्दी कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जहां स्व. गिरधारी दास मानिकपुरी, स्व. तिलोचन सिंह साहू , स्व. लखन लाल चंद्राकर, स्व. बुधराम साहू , स्व. कन्हैया लाल साहू आदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के देश के प्रति उनकी सेवाओं को स्मरण कर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। राष्ट्र के लिए उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। इस अवसर पर जितेंद्र साहू, लोमश चंद्राकर , प्रमोद साहू, नरेन्द्र दास मानिकपुरी, पेमेंद्र दास मानिकपुरी, भीमेंद्र दास मानिकपुरी, श्रवण चंद्राकर, पूर्णिमा मानिकपुरी, मोहमी मानिकपुरी, हीरा मानिकपुरी, इन्दु मानिकपुरी, चांदनी मानिकपुरी, शांति मानिकपुरी, गंगा मानिकपुरी, परिवारजन व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थिति थे।

# महिला व बाल विकास विभाग ने किया पोषण पखवाड़ा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा का आयोजन 9 मार्च से 23 मार्च तक किया गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी ऊषा झा ने बताया कि परियोजना के सभी 221 आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। प्रतिदिन के लिए अलग-अलग गतिविधियों का निर्धारण किया गया, जिसमें जन समूह को पोषण के प्रति जागरूक किया गया। ताकि कुपोषण को समूल दूर किया जा सके। सेक्टर उतई के ग्राम डुमरडीह में गर्भावस्था के समय देखभाल और ऊपरी आहार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा ने बताया कि गर्भावस्था के समय माता को अपने साथ-साथ शिशु के भी देखभाल की आवश्यकता होती है। इसके लिए माता को समय पर भोजन, आराम और स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता होती है। बच्चों के 6 माह से ऊपर हो जाने की स्थिति में स्तन पान के साथ-साथ ऊपरी आहार जिसमें गाढ़ी दाल, खिचड़ी, दलिया आदि का उपयोग करने की सलाह दी गई। एएनएम सुमिता घोष ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को बताया कि अपने शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाए रखने के लिए आयरन के साथ-साथ प्रोटीन का सेवन करना आवश्यक है।



■ जनसमूह को पोषण के प्रति किया गया जागरूक

# शिक्षक हेमंत को दी भावभीनी विदाई




**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला गनियारी में सेवारत हेमंत कुमार मढ़रिया को पदोन्नति उपरांत समारोह में विदाई प्रदान किया गया। मंच पर हेमंत मढ़रिया के साथ उनकी पत्नी सपना मढ़रिया भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए प्रधान पाठक एन के वर्मा ने कहा कि हेमंत मढ़रिया पूरे क्षेत्र में एक नवाचारी शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। समारोह को संबोधित करते हुए हेमंत मढ़रिया ने कहा की एक शिक्षक की सबसे बड़ी पूंजी विद्यार्थियों शिक्षक साथियों और समुदाय का सहयोग और प्यार होता है मैं इस मामले में धनी हूं कि आप सब ने मुझे असीम स्नेह किया। मढ़रिया ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि आप एक अच्छे विद्यार्थी बनने के साथ-साथ अच्छा इंसान भी बनो यही जीवन की सफलता है।

# दवाई और एक्सपर्ट मेन पावर के अभाव में मवेशियों का नहीं हो पा रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लाल सांड के आंख में बह रहा आंसू कैसे करे इलाज पशु चिकित्सालय जामगांव आर परेशान कोई सांड को पकड़ने और देखभाल करने वाला हो तभी इलाज संभव है। यह बात कहते हुए जामगांव आर पशु चिकित्सालय के डॉ. मुखोपाध्याय ने सांड के आंख की तकलीफ बताने वाले शख्स के हाथ आंख के ड्राप की एक पर्ची थमाते हुए कह दिए इस ड्राप को मेडिकल से खरीद कर सांड के आंख में दो तीन बार दिन में डालते रहे। 15 दिनों से आंख की तकलीफ में लाल सांड दर-दर भटक रहा है घरों में कुछ खाने को तो मिल जाता है परंतु आंख से टपक रहे आंसू का इलाज नहीं हो पा रहा है। जब पूछा गया कि यह शासकीय पशु चिकित्सालय है तो सांड के आंख के लिए ड्राप मिलना चाहिए, तब चिकित्सालय कर्मी ने बताया कि अनेकों दवाइयां अभी उपलब्ध नहीं है इसलिए आपको ड्राप खरीद कर सांड की सेवा करना पड़ेगा। अप्रैल में दवाइयां कब आएगा पता नही है। डाक्टर ने बताया कि एक होटल वाले के सहारे सांड के आंख में दवाई डालने का अपर्याप्त प्रयास किया गया।



### दवाई उपलब्ध होना चाहिए

अच्छे नस्ल की पशु धन की उम्मीद लेकर धार्मिक आस्था को प्रबल करते हुए ग्रामीण सांड छोड़ते हैं। जो सर्व समाज की जिम्मेदारी के लिए होता है। सांड की देखभाल समाज की है और समाज का व्यक्ति शासकीय पशु चिकित्सालय से अपेक्षा करने लगता है जो स्वाभाविक है लेकिन शासकीय पशु चिकित्सालय में दवाई का नहीं होना और सांड को पकड़ने के लिए सहयोग के अभाव विडंबना पूर्ण स्थिति निर्मित कर देती है। पशु पालक ग्रामीणों की मांग है कि ब्लाक स्तर पर शासन को कुशल प्रबंधन करना चाहिए। जिससे एक्सपर्ट मेन पावर एवं पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध हो सके।

# होली के रंग शिकसा के संग का हुआ आयोजन



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में होली पर्व को शिकसा परिवार के साथ साझा करने के लिये होली के रंग शिकसा के संग कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन 'आस' के संयोजन विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति एवं टीकाराम सारथी 'हसमुख' प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना हेमा चन्द्रवंशी व राजगीत निशा गुप्ता चौधरी ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिकसा एक परिवार है परिवार के लोग मिल जुलकर त्योहार मनाते है । इसी कारण हर पर्व को खुशियों के साथ मनाते है जिससे हमारी परम्परा बना रहे।

## बिजनेस साइट

# विश्व रंग-मंच दिवस पर कोसानगर के कृषक आसिर खान ने मशीन की डिलेवरी प्राप्त की




**भिलाई।** विश्व रंग मंच दिवस सिर्फ मनोरंजन का साधन मात्र नही है, बल्कि लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का भी एक बेहतरीन जरिया है एवं आज ही के दिन संत तुकाराम की जयंती भी है। ऐसे शुभ अवसर पर बुधवार को कोसानगर भिलाई के कृषक आसिर खान अपने भाई आमीर इमाम खान के साथ गणेश की पूजा आराधना करते हुए खेती कार्य में उत्कृष्ट अत्याधुनिक बहुफसलीय सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन केएस 9300 खरीदने का निर्णय लेकर भाव विभोर हुए। कहा जाता है कह गणेश जी की सच्चे मन से विधिवत पूजा आराधना करने से सफलता एवं सभी दुख-बधाएं दूर होती है और जीवन में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली आती है। मशीन की डिलेवरी प्रदान करते हुए शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलर्स उत्तम चंद भंडारी, कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, पुजारी अजय चौधरी, मेकेनिक किशोर निषाद एवं जेवरा-सिरसा ब्रांच के प्रभारी विवेक ठाकुर एवं मशीन ग्रहण करते हुए आसिर खान के भाई आमीर इमाम खान, पिता जमीर हसन खान, मित्र सतीष दिवाकर आदि साथीगण उपस्थित थे।

### सीएमओ सौरभ वार्डों का कर रहे हैं निरीक्षण

# वार्डों में सफाई को लेकर नगर पंचायत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन इन दिनों सफाई को लेकर गंभीर दिखाई दे रहा है। वार्डों में सफाई के लिए निर्देश जारी किए गए है। नगर पंचायत के सीएमओ सौरभ बाजपेई ने खुद वार्डों की साफ सफाई कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। इसके अलावा गीला कचरा और सुखा कचरा एकत्र करने वाले महिला समूह को भी लगातार निर्देशित कर प्रत्येक वार्ड में जाने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर पंचायत पाटन में जब से नए सीएमओ के रूप में सौरभ बाजपेई ने काम संभाला है तब से वे लगातार नगर को साफ-सफाई पर फोकस कर रहे हैं। नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों में सफाई का कार्य नियमित रूप से चल रहा है। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को लगातार निर्देशित कर सफाई कार्य को सुचारू रूप से लिए जाने का निर्देश दिए है। नगर में ज्यादातर नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सीएमओ सौरभ बाजपेई ने नगर की जनता से अपील किया है कि वे अपने घरों से निकलने वाली सूखा कचरा ओर गीला कचरा को अलग-अलग रखे। जब सफाई दीदी पहुंचे तो उसे कचरा दे देवे। इसके साथ ही उन्होंने अपील किया को नालियों में कचरा , पानी बोतल, झिल्ली को न फेंके। अक्सर इन्ही सब के कारण नाली जाम हो जाती है।



### स्वच्छता में दूसरे स्थान पर है पाटन

नगर पंचायत पाटन को पिछले चार साल में लगातार अवार्ड मिल रहा है। स्वच्छता के लिए पांच लाख कम आबादी वाले शहर की श्रेणी में नगर पंचायत पाटन देश में दूसरे स्थान पर है। जिसे दिल्ली में अवार्ड मिला।इस गौरव को बनाए रखने के लिए नगर पंचायत में सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### बीएमएस यूनियन का होली मिलन आज

**भिलाई ।** भिलाई इस्पात मज़दूर संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू ने जानकारी दी कि यूनियन द्वारा सर्वपंथ समादर दिवस और होली मिलन कार्यक्रम शुक्रवार को 1 बजे सेक्टर 6 यूनियन कार्यालय में आयोजित है।है। बैठक में फूलों की होली खेलने एवं सभी समाज के धर्म गुरुओं का सम्मान करने फाग गीतों का कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में इस्पात मजदूर संघ के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

### समाजवादी पार्टी ने लोहिया को किया याद



**भिलाई ।** समाजवादी पार्टी द्वारा प्रखर समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया की जयंती का आयोजन जवाहर नगर पार्टी कार्यालय में किया गया। वक्ताओं ने लोहिया को एक जन नेता व प्रखर चिंतक बताते हुए अंधेरे को हटाने के लिए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि राममनोहर लोहिया ने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। राजनीति में वे एक आदर्श हैं, उनके विचारों पर चलकर हमें अंधेरे में रौशनी मिल सकती है। एचएमएस के महासचिव प्रमोद मिश्रा ने कहा कि लोहिया सच्चे अर्थों में समाज के हितैशी व जन नेता थे, हमें कथनी और करनी का फर्क मिटाने उनसे प्रेरणा लेना चाहिये। कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री मोहन गुप्ता ने समाज को बदलने लोहिया के रास्ते पर चलने जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन समाजवादी त्रिलोक मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सूबेदार यादव, रामप्रताप यादव, कश्यप आदि उपस्थित थे।

# प्रमोशन की आस लिए रिटायर हो जाते हैं सैकड़ों बीएसपी कर्मचारी

**प्रमोशन पालिसी को अपडेट किए जाने की दरकार, यूनियनों ने कहा कर्मियों के हितों के अनुकूल बने पालिसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को प्रमोशन पालिसी को अब तक अपडेट नहीं किए जाने की कीमत चुकानी पड़ रही है। इसमें अपेक्षित सुधार नहीं होने से सैकड़ों कर्मचारी बिना प्रमोशन के ही सेवानिवृत्त हो जाते हैं। यूनियनों ने प्रबंधन से प्रमोशन पालिसी में सुधार की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सभी श्रमिक संगठनों द्वारा सेल भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से प्रमोशन पालिसी में सुधार की मांग की जा रही है। यूनियनों के मुताबिक अधिकारियों को पदोन्नत किए जाने के लिए प्रमोशन पालिसी स्पष्ट है। इसके चलते उन्हें इसका लाभ वरिष्ठता व योग्यता के अनुरुप तस समय सीमा में मिलता रहता है। लेकिन कर्मचारियों के लिए इस तरह की नीति स्पष्ट नहीं है। यूनियनों की मांग पर आशिंक सुधार ही किया गया, जिस कारण सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पूर्व प्रमोशन नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों को प्रमोट करने के लिए ई- जीरो प्रमोशन योजना है, जिसमें कर्मचारी से अधिकारी बनते हैं। लेकिन ई जीरो की परीक्षा शुरु से ही विवादों में रही है। फिर यह परीक्षा भी नियमित नहीं होने से सीनियर कर्मियों को नुकसान होता है। कोर्ट में विवाद के चलते ई जीरो प्रमोशन परीक्षा चार साल बाद हुई थी। इस पर भी यूनियनों ने विसंगतियों को लेकर सवाल उठाए थे।

### बीएसपी में हैं 11 हजार कर्मचारी

सेल में कर्मचारियों की प्रमोशन पालिसी को उदार नहीं बनाए जाने से अनेक कर्मचारी पदोन्नति की आस लिए रिटायर हो जाते हैं। अब तक सैकड़ों कर्मचारी सेवानिवृत्त हो भी चुके हैं। वर्तमान में बीएसपी में 11 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें करीब पचास प्रतिशत रिटायरमेंट की कगार पर हैं। इनमें से कई लोगों को प्रमोशन का लाभ नहीं मिल पाएगा। ई जीरो परीक्षा में भी अनेक लोग शामिल नहीं हो पाएंगे। जबकि कई कर्मचारी तीस चालीस साल से नौकरी कर रहे हैं।




### पालिसी करें अपडेट

बीएसपी कर्मचारियों के प्रमोशन का मुद्दा सालों पूर्व लोकल एग्रीमेंट से लेकर एनजेसीएस बैठक तक में उठ चुका है। यूनियनों के मुताबिक पहले सीनियारिटी, योग्यता व अनुभव के अनुरुप रोटेशन के हिसाब से प्रमोट किए जाने की मांग की गई थी। इसके बाद पालिसी में कई सुधार किए गए लेकिन आज भी इसमें कई खामियों व विसंगितयों के चलते सैकड़ों कर्मियों को प्रमोशन से वंचित होना पड़ रहा है। इसे देखते हुए यूनियनें अपडेट किए जाने की मांग कर रही हैं।

## आवारा जानवरों से व्यवसायी व खरीदार परेशान, बारिश में जलभराव

# साप्ताहिक बाजारों में नहीं बने चबूतरे नगर निगम की योजना ठंडे बस्ते में

**टाउनशिप के बाजारों के व्यवसायियों ने की जल्द समस्या निदान की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के साप्ताहिक बाजारों की उपेक्षा का खामियाजा, व्यावसायियों सहित खरीददारों को भुगतना पड़ रहा है। नीट एंड क्लीन माने जाने वाले टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में लगने वाले मार्केट्स की समस्याओं का वर्षों बाद भी निदान नही किया गया है। इस मामले में नगर निगम और नगर सेवाएं विभाग उदासीन बने हुए हैं।

टाउनशिप के आधा दर्जन सेक्टरों में पिछले कई सालों से साप्ताहिक सब्जी बाजार लग रहे हैं। व्यवसायियों की यहा यहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग पर नगर निगम भिलाई द्वारा साप्ताहिक बाजारों में दस साल पहले सब्जी विक्रेताओं के लिए चबूतरे निर्माण कराने की योजना बनाई गई थी। लेकिन अब तक इन चबूतरों का निर्माण नहीं किया गया है। साप्ताहिक सब्जी बाजार सेक्टर 7 मैदान में गुरुवार, सेक्टर एक तिराहे पर शनिवार, सेक्टर 4 में बुधवार, हुडको सेक्टर मैदान में मंगलवार और रुआबांधा सेक्टर में शनिवार के दिन लगता है। लेकिन अब तक रुआबांधा के अलावा किसी भी साप्ताहिक बाजार स्थल पर चबूतरों का निर्माण नहीं किया जाने से सब्जी विक्रेताओं और खरीदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या आवारा मवेशियों और बारिश में जलभराव तथा कीचड़ की होती है। व्यवसायियों ने जल्द चबूतरे बनाने की मांग की है।



### आवारा मवेशियों से हो रहे हैं चोटिल

विभिन्न सेक्टरों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में निगर निगम द्वारा चबूतरों का निर्माण नहीं किए जाने से लोगों को आवारा मवेशियों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। व्यवसायियों ने पताया कि खुले मैदान में लगने वाले बाजार में आवारा मवेशियों का झुंड विचरते रहता है। सांड व गाय आदि पसरा दुकानों में सब्जियों में मुंह मारते रहते हैं और लोगों को भी चोटिल करते रहते हैं। अब तक कई लोग इनसे घायल हो चुके हैं। इसके अलावा बारिश में सबसे ज्यादा परेशानी बाजार में पानी भर जाने तथा कीचड़ से होती है। खरीददारों को कीचड़ पानी से गुजरते हुए खरीदारी करने में बेहद परेशानी होती है।

# यूजलेस भूमि का बाजार मूल्य लेकर मिले अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील सिटी ऑफ चेंबर ने बीएसपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अर्बिंगन दास गुप्ता को पत्र भेज कर लीज नवीनीकरण मामले में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक करने का आग्रह किया है। पत्र में कहा है कि ऐसे मामले जो स्थानीय स्तर पर हल किया जा सकते हैं हर स्तर पर हाल होने चाहिए । भिलाई टाउनशिप के अधिकारियों की कार्यशाली पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि एक और लीज नवीनीकरण के मामले में बोर्ड गाइडलाइन का हवाला दिया जाता है वहीं दूसरी ओर शहर की वह यूजलेस भूमि ( जो प्रबंधन के लिए अनुपयोगी जमीन ) जिस पर दुकानदारों ने कहीं दो फीट कहीं 5 फीट और कहीं 10 फीट अपने उपयोग में ले लिया है। जिस पर प्रतिमाह पैनल रेंट वसूला जाता है। बोर्ड गाइडलाइन के अनुसार ऐसी जमीनों को संबंधित व्यक्तियों को आज के बाजार मूल्य से देकर उसे पर अधिकार दिया जा सकता है। और उस पर बने अतिरिक्त निर्माण को वैधानिक स्वरूप दिया जा सकता है लेकिन बीएसपी का प्रबंधन हीला हवाला कर ऐसे प्रकरण को जानबूझकर रोक रखा है।

- स्टील सिटी ऑफ चेंबर ने बीएसपी प्रबंधन को लिखा पत्र

### बोर्ड गाइडलाइन में अनुबंध

स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बीएसपी प्रबंधन को स्पष्ट किया है की समय रहते हुए सुविधा जो बोर्ड गाइडलाइन में अनुबंध है और उन सुविधाओं का लाभ संबंधित आबंटिती उठा सकता है। ऐसे प्रकरण का निराकरण एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर किया जाना चाहिए ताकि आवासीय उपयोग में ली जा रही है उक्त भूमि पर संबंधित आबंटिती को देकर उसे प्रकरण का निराकरण बीएसपी प्रबंधन कर सके। पूर्व में इस तरह की कमेटी बना कर प्रकरण के निराकरण बीएसपी प्रबंधन के द्वारा किए गए हैं। वर्तमान प्रबंध न केवल निष्क्रिय अपितु लापरवाह नजर आता है। जो किसी भी स्थिति में शहर के दुकानदारों को राहत देने की दिशा में कोई प्रयास करते नजर नहीं आता ।

## लोकसभा निर्वाचन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षणों की प्रस्तावित कार्य योजना तैयार की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी.के. दुबे से मिली जानकारी अनुसार 06 अप्रैल को बीआईटी भिलाई/साइंस कालेज दुर्ग में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 का प्रथम प्रशिक्षण, 07 अप्रैल को बीआईटी भिलाई में डाक मतपत्र, 13 एवं 14 अप्रैल को बीआईटी भिलाई/साइंस कालेज दुर्ग में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 01, 15 अप्रैल को बीआईटी भिलाई में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण एवं कमिशनिंग टीम का प्रशिक्षण, 27 व 28 अप्रैल को बीआईटी भिलाई/साइंस कालेज दुर्ग में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 29 अप्रैल को बीआईटी भिलाई में माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण, 02 मई को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी टीम का प्रशिक्षण, 03 व 04 मई को बीआईटी भिलाई/साइंस कालेज दुर्ग में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 का तृतीय प्रशिक्षण, 30 व 31 मई को बीआईटी भिलाई में माइक्रों ऑब्जर्वर सहित मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण और 03 जून को बीआईटी भिलाई में माइक्रों ऑब्जर्वर सहित मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी।

# दुर्ग प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रेस क्लब दुर्ग के पदाधिकारियों ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से गुरूवार को सौजन्य भेंट की। इस दौरान क्लब की ओर से उन्हें होली की बधाई दी गई, साथ ही विभिन्न मुद्दों पर पत्रकारों ने कलेक्टर से चर्चा की।

- फसल क्षति का सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेज दी गई : कलेक्टर

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कलेक्टर ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से निर्वाचन के लिए सभी आवश्यक तैयारी कर ली गई। विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में शांति व्यवस्था के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों को चिन्हांकित कर पुलिस द्वारा भी मानिटरिंग की जा रही है,

वहीं ओलावृष्टि एवं बारिश से फसल क्षति को लेकर उन्होंने कहा कि कई किसानों के फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ। जिसका सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। वहीं इंदिरा मार्केट क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था की समस्या पर कहा कि उक्त समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन पहले से ही कवायद कर रही है। शहर की सफाई व्यवस्था के प्रश्न पर कलेक्टर ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रशासन लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक तैयारियों में जुटा हुआ है। चर्चा के दौरान दुर्ग प्रेस क्लब अध्यक्ष अरुण मिश्रा, संरक्षक राजेन्द्र ठाकुर, महासचिव देवीलाल साहू, संतोष मिश्रा, रोमशंकर यादव, अतुल अग्रवाल, पवन देवांगन,धनेन्द्र सिंह चंदेल, महेन्द्र साहू, हेमंत कपूर आदि मौजूद थे।



# बिलासपुर के लिए रवाना हुए देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा प्रत्याशी किया है घोषित

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से पूर्ण विश्वास जताते हुए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशी घोषित किया है। भिलाई नगर विधायक इस लोकसभा चुनाव में बिलासपुर से सांसद का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए गुरुवार को विधायक देवेंद्र यादव दुर्ग रेलवे स्टेशन से इंटरसिटी ट्रेन से बिलासपुर जाने के लिए पहुंचे। लेकिन ट्रेन देरी होने की वजह से बस रूट से रवाना हुए। इस दौरान वहां महापौर नीरज पाल सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नगर निगम के पार्षद उपस्थित रहे। बिलासपुर में विधायक देवेंद्र यादव का बिलासपुर में पहला दिन होगा।



## लोधी समाज के पदाधिकारियों का किया स्वागत

**पाटन।** छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर , प्रदेश सचिव श कृष्ण कुमार सिंगौर प्रदेश कार्यकारिणी द्वारिका कौशिक जिला उपाध्यक्ष बसंत सिंगौर का पाटन सर्किल के ग्राम मोतीपुर रवि सिंगौर के नेतृत्व में भव्य ऐतिहासिक आतिशबाजी के साथ सैकड़ो के संख्या में सामजिक युवा साथीगण वरिष्ठजनो ने स्वागत किया । सुरेश सिंगौर सभा को संबोधित करते हुए कहां की हमारे प्रदेश अध्यक्ष हमारे समाज के मुखिया घनश्याम वर्मा जी प्रदेश संगठन सभी जिला अध्यक्षों ने जो पाटन सर्किल को जिम्मेदारी दी है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी हमारे युवा साथियों का वरिष्ठ जनों का माता बहनों को सादर आभार और सादर प्रणाम करता हूं आप सभी के कुशल नेतृत्व को देखते हुए मुझे युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है श्री सुरेश सिंगौर ने सभी प्रदेश देश वासियो क्षेत्रवासियों को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं बधाई दिए ।इस अवसर पर पाटन सर्किल से आये झीट इकाई अध्यक्ष श्री वीरेंद्र कौशिक, कृष्णा सिंगौर, कामता सिंगौर,तुलेश कौशिक, मोहन लोधी,प्रदीप आदि उपस्थित थे।






## रिसाली निगम क्षेत्रों का किया निरीक्षण

# बारिश से पहले निर्माण कार्य और साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त कर लें : आयुक्त मोनिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा निगम मुख्य कार्यालय से 25 किलोमीटर दूर पुरैना पहुंची। तीन वार्ड में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण की। वहा चल रहें निर्माण कार्य को बारिश के पहले पूर्ण कराने निर्देश दिए। मार्निग विजिट के तहत निगम आयुक्त वर्मा वार्ड 38,39 और 40 के तहत भ्रमण किया । मंगल भवन, स्कूल परिसर में चल रहे अतरिक्त कक्ष निर्माण का अवलोकन किया। अभियंता को निर्देश दिए कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। तीनों वार्ड में चल रहे निर्माण कार्य को 15 जून के पहले पूर्ण करने कहा। आयुक्त ने निर्देश दिए कि कार्य में लापरवाही बरतने वालो पर कार्यवाही की जाएगी।



### मतदान केंद्र का की निरीक्षण

पुरैना में लगभग 9 हजार की आबादी है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्कूल भवन में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण की। निर्देश दिए कि केंद्रों में लेखन कार्य, बिजली, पानी और वाशरूम की व्यवस्था शीघ्रता से पूरा किया जाए।

### प्रकाश व्यवस्था करें ठीक

इस दौरान आयुक्त ने शौचालय समेत, वार्ड की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने स्टोर पारा में निर्माण धीन मंगल भवन के सामने कचरा फैले देख जल्द सफाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रकाश व्यवस्था की जानकारी लेते बंद स्ट्रीट लाइट को चालू करने कहा।

## पोषण पखवाड़ा का किया आयोजन

**अंडा।** पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र 1,2,3 के द्वारा ग्राम आमटी में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं ने स्थानीय महिलाओं को पोषण की जानकारी दी गई। साथ ही उनके खानपान को लेकर व्यवहार परिवर्तन पर चर्चा की गई। सब्जी व भोजन से संबंधित सामानों की प्रदर्शनी लगाकर स्थानीय लोगों को पोषण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सही पोषण देश रोशन, पोषण में मुस्कान है, स्वास्थ्य की पहचान है, स्वस्थ बच्चा, देश अच्छा जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।पोषण पखवाड़ा अभियान चलाकर गर्भवती माताओं का गोद भराई कराकर सेहत की जानकारी दी जा रही है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



कोरियन जादू


**लाइव इवेंट**

## सब-जुनियर राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ी दिखा रहे है प्रतिभा



**भिलाई।** फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ आंध्रप्रदेश द्वारा फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में 25वीं सब-जुनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन जी.एस.एल. मेडिकल कॉलेज एवं जनरल हॉस्पिटल, राजानगरम, राजामहेन्द्रवरम आंध्रप्रदेश में 25 से 28 मार्च तक आयोजित किया गया है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की सब-जुनियर बालक एवं बालिका वर्ग की 28 सदस्यीय टीम भाग ले रही है। चैंपियनशिप में भाग लेने के पूर्व खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य की सब-जुनियर बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम का विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बहुउद्देशीय हॉल, इस्पात क्लब, सेक्टर-1, भिलाई एवं एमजीएम हायर सेकंडरी स्कूल, गायत्री नगर, रायपुर छ.ग में आयोजित किया गया।

- 25वीं सब-जुनियर बालक एवं बालिका फेंसिंग प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश में

**दुर्ग से इन बच्चों ने की शिरकत:** सब-जुनियर बालक वर्ग दुर्ग से चैतन्य शर्मा फॉइल, श्रेयांश गुप्ता ईपी दुर्ग, वीर कुमार गुप्ता ईपी दुर्ग, भौमिक यादव ईपी दुर्ग, टीम के प्रशिक्षक व्ही जॉनसन सोलोमन दुर्ग, टीम के प्रबंधक अजय कुमार गोड़ दुर्ग, सब-जूनियर बालिका वर्ग में स्नेहा यादव फॉइल दुर्ग, गरिमा विश्वकर्मा फॉइल दुर्ग, गरिमा बघेल फॉइल दुर्ग, अंशिका यादव ईपी दुर्ग, दृष्टि यादव ईपी दुर्ग, सोफिया स्टीवन ईपी दुर्ग, वैदेही यादव सैबर दुर्ग सहित अन्य स्थानों से छत्तीसगढ़ राज्य की सब-जुनियर बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 22 मार्च को दुर्ग से विशाखापट्टनम एक्सप्रेस से रवाना होकर राजामहेन्द्रवरम आंध्रप्रदेश पहुंची। प्रतियोगिता के पहले एवं दूसरे दिन व्यक्तिगत मुकाबले खेले गये। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की फेंसिंग टीम संतोषजनक प्रदर्शन रहा और वह पदक प्राप्त करने में असफल रही। प्रतियोगिता के तीसरे दिन 27 मार्च से टीम मुकाबले शुरू हुए। जिसमें सुबह 8 बजे से फॉइल महिला, ईपी पुरुष एवं सैबर महिला की टीम प्रतियोगिताएं खेली गई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य की सब-जूनियर फेंसिंग टीम को जाने-आने का दैनिक भत्ता एवं खिलाड़ियों एवं अधिकारियों को ट्रैकसूट प्रदान किया गया है।

**सिटी इवेंट**

## वृंदावन की तर्ज पर जरुरतमंद बच्चों के संग खेली खुशियों की होली



**भिलाई।** डोनेट थोड़ा सा ग्रुप द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना 10वां खुशियों की होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नयनदीप ब्लाइंड स्कूल, सिविक सेंटर जाके बच्चों के साथ होली मनाकर खुशियों की होली प्रारंभ की गई। जहां बच्चों को खाना खिलाया गया और उनको गुब्बारा, पिचकारी, रंग गुलाल और मीठा नमकीन का पैकेट भी दिया गया। इसी कड़ी में 24 मार्च को ऋषभ परिसर दुर्ग में आयोजन किया गया। जिसमें 26 आंगनबाड़ी के 300 बच्चों के साथ, वृंदावन की तर्ज पर फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गौतम पारख, अजय भसीन, पायल जैन, संध्या मदन मोहन, डॉ मानसी गुलाटी, रितिक नेमा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ हरी धुन के साथ शुरू की गई, जिसे अक्षय पात्र के प्रेम विलास प्रभु एवं उनके साथियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात राधे कृष्णा के साथ फूलों की होली खेली गई। के आर डांस समूह द्वारा कृष्ण लीला के साथ होली पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अनुष्का द्वारा कृष्ण धुन पर बेली डांस की प्रस्तुति दी गई।

इस होली कार्यक्रम में अनेक समितियां सम्मिलित हुई। आंगनबाड़ी सहायिकाओं द्वारा भी प्रतिवर्ष कार्यक्रम में विशेष योगदान रहता है। डोने थोड़ा सा टीम के अध्यक्ष अभिजीत पारख लगातार 10 वर्षो से खुशियों की होली का आयोजन करते आ रहे है, आने वाले समय में उन्होंने पांच बच्चों के साथ लक्ष्य रखा है। टीम के मेंबर राज आढ़तिया, विकास जायसवाल, पिया जायसवाल, रूपल गुप्ता, लाला, पलक, संध्या, स्मिता तांडी, अंजलि सिंह, हरजिंदर सिंह, अविनाश, भास्कर, हर्षु, खुशबू, नेहा, सविता, भानु, गौरव, रोहन, दीपशिखा, हर्षिका, अनुष्का आदि उपस्थित रहे।



- जगह-जगह होली मिलन का आयोजन शुरु, महिला चेंबर के होली मिलन समारोह में शामिल हुई रजनी विजय बघेल

# अबीर लगाकर खेली फूलों से होली, प्रश्नोत्तर राउंड व गेम्स में लोटपोट हुईं महिलाएं, जमकर लगाएं ठुमके



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज महिला चेम्बर भिलाई के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन गुरुवार को पंजाबी पैलेस सेक्टर 5 भिलाई में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल उपस्थित रहीं। जिनका स्वागत टोपी व गुलाल लगाकर किया गया।

इस दौरान महिलाओं ने फूलों वाली होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी और गुलाल व अबीर लगाकर फूलों के पंखुड़ियों को एक दूसरे के उपर डालकर होली की खुशियां बांटी। साथ ही होली के गीतों पर जमकर थिरके और सभी के चेहरों में उत्साह दिखाई दिया।

इस दौरान कुछ प्रश्नोत्तरी गेम खेला गया। जिसमें महिलाओं से देव और पतिदेव में क्या फर्क है पूछा गया। जिसके उत्तर में रजनी बघेल ने कहा कि देवता सभी के होते देव है और पतिदेव केवल अपनी पत्नी का देवता होता है। सभी ने अलग अलग जवाब दिया। तुलसी साहू ने कहा कि देव की पूजा सभी करते हैं हम महिलाएं पतिदेव की पूजा करतीं हैं और पति हमारी पुजा करते हैं देव सब की सुनते हैं लेकिन हमारे पतिदेव हमारी सुनते हैं। इस दौरान अन्य फनी गेम्स व प्रश्न उत्तर सभी ने दिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रजनी बघेल ने कहा कि हम सभी महिलाएं बहुत खुश हैं कि आज आत्मनिर्भर बन रही और सात रंगों का होली का पर्व हम सभी के जीवन में अनेक खुशियों को लेकर आता है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स महिला चेम्बर अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही ने कहा कि हम सभी महिलाओं को एक प्लेट फार्म मिला है, हम सभी व्यापारी वर्ग से आते है इस रंगों के महापर्व पर हम सभी अपने साथियों के साथ होली की खुशियों को आपस में बांट कर एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी है।

### मतदान के लिए ली गई शपथ

महिला चेंबर द्वारा कार्यक्रम के अंत में आने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने शपथ ली। सभी महिलाओं ने अपनी जिम्मेदारियों का वहन करते हुए अपने आस-पड़ोस व काम करने वाले मजदूरों के साथ ही घर के मेड वगैरह को मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रण लिया।

### यह रही उपस्थित

इस अवसर पर महिला चेंबर से असीम सहगल, सीमा सहगल, भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा से तुलसी साहु, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक, थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय, गायनेकोलाजिस्ट डॉ मानसी गुलाटी, डेंटिस्ट डॉ सविता ललित मोहन, महिला चेम्बर से महामंत्री सुमन कनौजे, पुष्पलता कर, सविता शर्मा, विजय लक्ष्मी, उर्वशी दास, अमिता जैन, राजकुमारी, दमयंती सोनी, पुजा वर्मा, राजेश्वरी राव, संजु साहू, पुर्णिमा बांधें, रुचि शर्मा, प्रिती बग्गा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



## पारिवारिक मिलन में शामिल हुए सदस्य

**भिलाई।** चित्रगुप्त मंदिर समिति, सेक्टर-6 में होली मिलन का आयोजन किया गया। अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव सहित संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष इस अवसर पर मौजूद थे। एक संक्षिप्त बैठक के बाद प्रसिद्ध होली गीतों की धुन पर कार्यकारिणी संग सभी सदस्यों ने फूलों की होली खेली और नृत्य भी किया। होली की शुभकामनाओं के साथ ही सभी सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष पूजा सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद, नरेन्द्र श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष किरण श्रीवास्तव, अलका दास, ललित कुमार श्रीवास्तव, निरंजन प्रसाद, ममता श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, सपना श्रीवास्तव, प्रजेश श्रीवास्तव, एसी सिपाहा, एसके प्रधान, कमल कुलश्रेश्ठ, कमल श्रीवास्तव, दीपक रंजन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।





## बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित विकसित राष्ट्र में महिलाओं की अहम भूमिका

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा गोद ग्राम कोनारी एवं पीसेगांव में विविध आयोजन किए गए। पंचायत भवन कोनारी में बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा उच्चतर माध्यमिक स्तर की ग्रामीण छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में महिला शिक्षा निर्णायक भूमिका का निर्वहन कर सकती है।

इसके अतिरिक्त ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर पीसेगांव पंचायत सचिव रश्मि राजपूत के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। गोदग्राम कोनारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ टीकाकरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कोनारी में टीकाकरण की वस्तु स्थिति, बाधाओं तथा चुनौतियों पर विचार विमर्श किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान सत्र 2023-2024 में 21 गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया गया है, साथ ही 18 गर्भवती महिलाओं की सफलतापूर्वक प्रसूति कराई गई। इसके अतिरिक्त 20 शिशुओं और बच्चों को पेंटागन के, 22 को एमआर 1 के तथा 5 साल का टीका 20 बच्चों को, 10 साल का टीका 9 बच्चों को तथा 16 वर्ष का टीका 7 किशोरों को इस सत्र में लगाए गए हैं। ग्रामीण समाज एवं गोदग्रामों के उत्थान के लिए भारती विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है तथा विगत 2 वर्षों से लगातार विभिन्न ग्रामीण उत्थान संबंधी आयोजन किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों का आयोजन डॉ. रोहित कुमार वर्मा के सहयोग द्वारा किया गया।




## जल संरक्षण करने विद्यार्थियों ने चलाया जागरुकता अभियान



**भिलाई।** जल प्रदूषण एवं जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता एवं स्वजागरूकता के उद्देश्य से दुर्ग स्थित पोलसाय पारा एवं लुचकी तालाब जाकर तालाबों में प्रदूषण की स्थिति का अवलोकन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के विद्यार्थियों दवरा किया गया एवं प्रदूषित जल को प्रयोगशाला में जांच करवाकर उसका स्तर परखा। जाँच के पश्चात तालाबों के जल में निकिल, कैडमियम, सीसा, आरसेनिक एवं पारा की मात्रा मानक से अधिक पाई गई एवं जल का पी. एच. भी अधिक पाया गया जिससे यह पता लगा कि तालाबों का जल पीने योग्य नहीं है।

विद्यार्थियों ने क्षेत्र के पास निवासरत लोगों को जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि जल को प्रदूषित न करें क्योंकि प्रदूषित जल से अनेक बीमारियाँ हो सकती है एवं प्रदूषित जल को पीने से मवेशी भी रोगग्रस्त हो सकते है। कार्यक्रम प्रभारी जया तिवारी ने कहा कि विद्यार्थी ऐसे कार्यक्रमों से जुड़कर पानी के महत्व को समझते है।

**कार्नर न्यूज**

- महिला दिवस पर आंध्र महिला समाज द्वारा हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

# व्यंजन, रंगोली, श्रृंगार व गेम्स में दिखाई अपनी प्रतिभा, महिलाएं हुईं सम्मानित



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को सेलिब्रेट करने सेक्टर 6 स्थित दामोदरम संजीवय्या मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में दो दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आंध्र माला महिला समाज तथा आदि शिव शक्ति समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में व्यंजन, रंगोली, श्रृंगार तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं रखी गईं। इस मौके पर आदि शिव शक्ति समिति की अध्यक्ष किम्सी जैन, वर्षा बांगड़े एवं महिला समाज की संरक्षक वी प्रभाराव ने पंजीयन प्रमाणपत्र तथा नियमावली का विमोचन भी किया।




अनुशासन के महत्व पर डाला प्रकाश,,,,

किम्सी जैन ने जहां महिलाओं को शिक्षित करने, उनका कौशल विकास करने तथा उन्हें ऑनलाइन इंग्लिश सिखाने के लिए शीघ्र ही कार्यशाला आयोजित करने का आश्वासन दिया, वहीं वर्षा बांगड़े ने महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के योगदान का जिक्र किया। उन्होंने भारत की पहली महिला अध्यापिका सावित्रीबाई फुले का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि वे महिलाओं को शिक्षित करने तथा दलितों के उत्थान के लिए जिंदगी भर संघर्ष करती रहीं। इस अवसर पर वी प्रभाराव ने संगठन और अनुशासन के महत्व पर अपने विचार रखे।

समारोह में मौजूद समाजसेविकाएं बी पोलम्मा व मीना शाक्या, श्रुति फाउंडेशन की अध्यक्ष फरीदा बेगम एवं समाज की ओर से हेमलता ने प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने वाली महिलाओं को भी विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। समारोह में अध्यक्ष सीएच विजया राव, उपाध्यक्ष के नीलमप्रिया, महासचिव एन विजया निर्मला, उप महासचिव ए सोमेश्वरम्मा, कोषाध्यक्ष शशिरेखा, उप कोषाध्यक्ष के कुमारीराव एवं कार्यकारिणी सदस्य पी नारायणम्मा, वी विजयलक्ष्मी, के ललिता, संगीता, शेट्टी अंकिता, ए बालम्मा, वी अन्नपूर्णा, ए कुमारी, पी सरस्वती, वी शाइनी, के जानकी तथा लक्ष्मी उपस्थित थीं।



## सिटी इवेंट

### रिटायर कर्मियों को शॉल व श्रीफल भेंटकर दी गई विदाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी एवं प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में फरवरी-2024 या उसके पूर्व संयंत्र की सेवा से सेवानिवृत्त हुए सदस्यों को गरिमामय समारोह में उनकी जमा राशि का खातादेय चेक तथा शॉल एवं श्रीफल भेंटकर विदाई दी गई।सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने इस अवसर पर सभी सेवानिवृत्त कर्मियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि जीवन के इस पड़ाव में मार्गदर्शक की भूमिका में आना एक जिम्मेदारी भरा कदम है। भिलाई इस्पात संयंत्र और हमारी सोसाइटी को अपने सेवाकाल का सर्वोत्तम देने वाले इन कर्मियों के योगदान को हमेशा रेखांकित किया जाता रहेगा। इस मौके पर सेवानिवृत्त हुए कर्मियों में वायर रॉड मिल से रामेश्वर कुमार, फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से इतवारी, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल विभाग से रमेश, सत्यनारायण चौधरी, संजय धर्माधिकारी, ब्लास्ट फर्नेस से सीएच लक्ष्मीनारायण, त्रिपुरारी शरण कुशवाहा, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से मंगतराम, जीवनलाल, एवी तिरवेंकटम, सिंटर प्लांट-3 से तुलसीराम, सीईडी से मुगल राम, ए.आर.शॉप से शिवकुमार पटेल, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से दिलीप कुमार धुरे, रिफ्रैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग से अशोक कुमार गायकवाड़, प्लेट मील से भीम कुमार बघेल, स्टील स्ट्रक्चरल-फोर्ज शॉप से संदीप धनजी पड़वाल, प्लांट व्हीकल पूल से एम.वासुदेव, शिक्षा विभाग से चंचैया, मेडिकल से अरुण निकोंसे, जनरल एस्टेब्लिशमेंट से शुमा रमेश, सिंटर प्लांट-3 से मोतीचंद, स्वामीनाथ और कंस्ट्रक्शन से रमेश कुमार लुकास मौके पर उपस्थित थे। सभी का सोसाइटी परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया।

## मुट्ठी ने किया शताब्दी नाटक का मंचन, रंगकर्मियों का हुआ सम्मान

# दर्शकों को नाटक से दिया इंसानियत का संदेश अधिकारों के लिए कलाकारों ने किया जागरूक

**भिलाई।** रंगमंच दिवस पर मुट्ठी नाट्य संस्था द्वारा कला साहित्य अकादमी व कमला मोटर्स के सहयोग से दुर्ग में नाटक ''शताब्दी का एक दिन'' का मंचन किया गया। कला-साहित्य लॉयन चेयर पर्सन मीनाक्षी अग्रवाल, जय प्रकाश नायर व बबलू ठाकुर का सम्मान दिलीप बरमेचा, विवेक ठाकुर व दिलीप बरमेचा द्वारा किया गया। रंगकर्मी विभाष उपाध्याय के द्वारा रंगमंच दिवस पर रंगमंच के संदेश का पाठ किया। इसके बाद नाटक ''शताब्दी का एक दिन'' का मंचन किया गया। नाटक में आम आदमी के पक्ष, उसके हित, अधिकारों और इंसानियत को जिंदा बचाए रखने का संदेश दिया गया। नाट्य संस्था मुट्ठी के मुख्य अभिनेता गुलाम हैदर मंसूरी ने कहा कि भिलाई का रंगकर्म नॉन-कॉर्मिशियल है पर स्वयं नाटक से कई कॉर्मिशियल पक्ष जुड़े हैं। इस अवसर पर श्वेता जैन, चंद्रा बरमेचा, कमला मोटर्स से सेल्स प्रमोटर सत्या चंद्राकर, पन्ना लाल जैन, त्रिलोक चंद यादव तथा कला-साहित्य अकादमी से अध्यक्ष शक्तिपद चक्रवर्ती, जनाब मुमताज, शरद कोका, हरजिंदर सिंह मोटिया आदि उपस्थित रहे। नाटक में प्रगति तिवारी, गुलाम हैदर, डॉ. रौनक़ जमाल और बहादुर अली, अनु, मनीष तिवारी की भागीदारी रही।







### भिलाई में भी पुरस्कृत हुआ नाटक



नाट्य संस्था मुट्ठी भिलाई द्वारा नाटक शताब्दी का एक दिन का प्रभावी मंचन किया गया। इसमें सभी कलाकारों ने अपने मंझे हुए अभिनय से दर्शकों की वाहवाही बटोरी। इस नाटक में दिखाया गया कि आदमी के हक और हितों के लिए सपने के साथ संघर्ष जरुरी है। याद रहे कि दुर्ग के पहले शताब्दी नाटक का मंचन दस दिन पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर एक भिलाई में भी किया गया था। इसमें नाटक को पुरस्कृत भी किया गया था।

## स्पोर्टस लाइव

### फ्रेंडशिप कप के विजेता बने संयुक्त टीम बीएफ व टीडी




**भिलाई।** फ्रेंडशिप कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में खेला गया। फाइनल मैच ब्लास्ट फर्नेस व प्लेट मिल की संयुक्त टीम एवं फायर ब्रिगेड एवं टीएनडी की संयुक्त टीम के मध्य परिणाम ब्लास्ट फर्नेस एवं प्लेट मिल की संयुक्त टीम ने सात विकेट से जीता बल्लेबाजी फायर ब्रिगेड एवं टीएंडडी की संयुक्त टीम 10 ओवर में आठ विकेट पर 45 रन सूरज ने 19 रन मिर्जा बेग ने 9 रन बनाएं गेंदबाजी ब्लास्ट फर्नेस एवं प्लेट मील की संयुक्त टीम उसाकर चौधरी 3 विकेट महेश एवं भानू ने दो-दो विकेट लिए बल्लेबाजी ब्लास्ट फर्नेस एवं प्लेट मिल की संयुक्त टीम 5. 3 ओवर में तीन विकेट पर 49 रन बनाए। गंभीर सिंह नॉट आउट 26 रन अश्विनी नॉट आउट 14 रन गेंदबाजी बीएफ एवं टीडी की संयुक्त टीम दीपक खिचरिया दो विकेट एवं सूरज एक विकेट मैन ऑफ़ द मैच गंभीर सिंह रहे। फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीजीएम पावर फैसिलिटी बीएसपी राजू पांडे थे। अध्यक्षता जीएम इंचार्ज पावर प्लांट संजयनिखार ने की। विशेष अतिथि जीएम पावर प्लांट अभय कुमार थे। विजेता व उपविजेता टीम ट्रॉफी प्रदान की। प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच रहे। खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन गंभीर सिंह, बेस्ट बॉलर उषाकर चौधरी, बेस्ट फील्डर राधेश्याम, प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट दीपक खिचरिया रहे। फाइनल मैच के अंपायर हरिशंकर यादव एवं आनंद खरालकर एवं स्कोरर विनोद देवघरे थे। संचालन फ्रेंड्स क्लब बीएसपी सचिव अनिल सिंह ने किया।

## कलाकार ने लगाई पेंटिंग

### शहीदों के विचारों को करें आत्मसात




**भगतसिंह, राजगुरु,सुखदेव की शहादत को किया याद**

**भिलाई।** कला साहित्य अकादमी समूह भिलाई द्वारा शहीद-ए-आजम भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत को याद कर श्रद्धांजली देने के उद्देश्य से एक बैठक मिडिल स्कूल सेक्टर 10 में आयोजित की गई। जिसमें भिलाई-दुर्ग के कलाकारों व साहित्यकारों ने भागीदारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत इप्टा भिलाई के मणिमय मुखर्जी, सुचिता मुखर्जी ने जनगीत गाकर किया। इस अवसर पर तीनों कलाकारों की पेंटिंग लगाई गई। जिसे भैया लाल सोनी द्वारा बनाया गया था। कलाकार लिलेश्वरी साहू ने भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव का धान से बनाया गया बैच सबको लगाया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए शायर मुमताज ने कहा कि हम भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे सभी शहीदों को आज याद करते हैं जिन्होंने अपना वर्तमान हमारे भविष्य के लिए बलिदान कर दिया। जिसके कारण हम आज खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। कवि शरद कोकाश ने कहा कि यह बातें बहुत पुरानी हो गई हैं कि हमे भगत सिंह के विचारों को अपनाना है भगत सिंह जैसा बनना है आदि। आज सबसे बड़ा संकट यह है कि हमें भगत सिंह को बचाना है वरना उनका भी अपहरण हो जाएगा। भगत सिंह उनके शहीद साथियों और तमाम स्वतंत्रता सेनानियों के कारण हम आज शरीर से तो आजाद हो गए हैं लेकिन दिमाग से अभी भी गुलाम है और यह गुलामी सौ दो सौ साल की नहीं बल्कि ढाई हज़ार साल से भी ज्यादा की है। हम अपनी दोहरी मानसिकता को लेकर इस गुलामी को झेल रहे हैं। भगत सिंह जैसा निर्णय हमें लेना होगा भगत सिंह ने कहा था नास्तिक बनना आसान नहीं है उसके लिए अपने आप को तैयार करना होता है। इस अवसर पर लोकगायक कलादास डहरिया ने शहीदों के विचारों को आत्मसात करने की बात कही। उपस्थित कवि व लेखक डॉ रजनीश उमरे ने भी युवा पीढ़ी को आगाह किया कि वो झूठे और भ्रामक बातों के जाल में फंसने से बचें भगतसिंह को पढ़ें उनके विचारों को समझें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए गुलाम हैदर ने कहा कि भगतसिंह जैसे क्रांतिकारी विरले ही थे जिनके पास अंग्रेजों से आजादी हासिल करने का भी पूरी योजना थी और उसके बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क्या करना पड़ेगा उसका भी पूरा खाका तैयार था। कार्यक्रम में रंजन घोष कोलकाता, शक्तिपद चक्रवर्ती, विभाष उपाध्याय, भानू राव, सुमिता पाटिल, जयप्रकाश नायर, हरजिंदर सिंह मोटिया, वरुण चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।

## अल मदद सोसाइटी का आयोजन

### रोजा-इफ्तार में मांगी अमन और खुशहाली की दुआएं



**हज-उमराह जा रहे जायरीनों का इस्तकबाल**

**भिलाई।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी भिलाई की ओर से माहे रमजान में रोजा-इफ्तार और हज-उमराह के मुबारक सफर पर रवाना होने वाले जायरीनों का इस्तकबाल सेक्टर-6 जामा मस्जिद के कम्युनिटी हॉल में रखा गया। जिसमें 200 से ज्यादा लोगों ने शिरकत की और मुल्क में अमन व खुशहाली के लिए सभी ने मिल कर दुआएं की।

समिति की प्रेसिडेंट अंजुम अली ने बताया कि सभी ने मिलकर रोजा अफ्तारी की और नमाज पढ़ी। इसके बाद इस्तकबाल किया गया। जिसमें उमराह के सफर पर जाने वाले आयशा आलम और आलिमा गुल निशा के साथ हज के लिए जा रहे हाजरा, सलमा फारूकी, मोहम्मद शब्बीर अंसारी, जहूरन, उमर खान, नफीसा, रिजवान, शाहिद, रहमत खान, अशफाक, नसरुल्लाह, शेख नवाब और रूखसाना शेख का गुलपोशी के साथ इस्तकबाल किया गया। सभी जायरीनों ने इस इस्तकबाल के लिए कमेटी का शुक्रिया अदा



किया और उनके हज-उमराह को मुकम्मल करने की दुआओं की अपील की। समिति के इस प्रोग्राम में कौसर खान, शबाना सिद्दीकी, नरगिस, डॉक्टर अमरीन लीना तजमीन, सैयद जमशेद अली, अनवर अली, आरिफ खान, शकील, रुखसाना सिद्दीकी, तौफीक, शोएब खान, शाहीन, फरीदा, जुल्फी, नाहिदा, दिलशाद, शम्सुन, एसएन शेख और आयशा आलम सहित तमाम लोगों ने अपनी भागीदारी दी। प्रेसीडेंट अंजुम अली ने बताया कि माहे-रमजान में कमेटी की ओर से गरीबों को राशन भी तकसीम किया जा रहा है। जिसमें अब तक 100 से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को राशन किट तक्सीम की गई है। भविष्य में कमेटी की तैयारी ईद के मौके पर विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाने की भी है।

## सम्मान इवेंट

### फाग स्पर्धा में हुए सम्मानित



**भिलाई।** फाग झांकी गायन प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम खोला पाटन में आयोजित किया गया है। इस दौरान वैद्यराज वाई अप्पल नायडू को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान इन्हें उनके द्वारा लंबे समय से लोगों के लिए कर रहे सेवा को लेकर किया गया। यहां 8 मंडली प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुची थी। वैद्यराज अप्पल नायडू ने बताया कि समाज के लोगों के लिए लंबे समय से सेवा करता आ रहा हूं। जिसका फल मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह कार्यक्रम प्रति वर्ष कराया जाता है।

### बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा का आयोजन 30 को

**भिलाई।** चौथी श्री साई क्लासिक मिस्टर छत्तीसगढ़, मेन्स फिजिक एवं मिस्टर भिलाई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार 30 मार्च को संध्या 5:30 बजे से पॉवर जिम, सेक्टर-6, भिलाई में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को कुल एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा । मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 55, 60, 65, 70, 75, 80 किलो वजन वर्ग समूह में होगी जिसमें खिलाड़ियों का बॉडी वेट दोपहर 2 से 4 बजे तक लिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितिय, तृतीय स्थान प्राप्त विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि / पदक एवं प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा।

## जेवरा को जागरुक ग्राम बनाने एनएसएस छात्रों ने लगाया कैंप

# इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने चलाया नशामुक्ति अभियान, शत-प्रतिशत मतदान करने किया जागरुक

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम जेवरा में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर लगाया। रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज के एनएसएस दवरा 21 से 27 मार्च तक चले इस शिविर में इंजीनियरिंग के 60 विद्यार्थियों ने गांव जेवरा के लिए नशामुक्ति अभियान चलाया। गांव के 260 घरों में जाकर नशा मुक्ति के लिए सर्वेक्षण किया गया। आगामी लोकसभा में शतप्रतिशत मतदान के लिए भी ग्रामीणों में जागरुकता फैलाई गई। प्रत्येक सुबह निकाली गई प्रभात फेरी में जन जागरुकता के संदेश गूंजे। गर्मी के आगाज के साथ ही पेयजल आपूर्ति की समस्या पैदा हो जाती है ऐसे में इंजीनियरिंग के छात्रों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया। जेवरा की नृत्य मंडली ने इंजीनियरिंग छात्रों को लोक नृत्य टीन टेहरा और छर्रा का प्रशिक्षण भी दिया।



### शिविर से अनुशासन सीखने को मिलता

गांव के सरपंच प्रशांत गौतम ने कहा कि एनएसएस शिविर से ग्रामीणों को भी अनुशासन सीखने को मिलता है। मतदान, कानून और नशा मुक्ति के लिए युवाओं और महिलाओं को प्रेरित करना भी अच्छी पहल है। शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्यधर्म भारती, पंच अजय साहू, चंद्रलोक जायसवाल, डॉ. अलबर्ट जॉन वर्गीस और रेजो रॉय शामिल रहे। शिविर के दौरान बौद्धिक परिचर्चा में ग्राम जेवरा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय की प्राचार्या ज्योत्स्ना गुप्ता, शिक्षिका कविता पटेल, किरण साहू आदि ने स्वयंसेवकों के साथ अपना विचार साझा किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीएससीएस कोच और सहायक स्टॉफ ने की क्रिकेट पर चर्चा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के क्रिकेट कोच एवं अन्य सहायक स्टॉफ हेतु दो दिवसीय कार्यशाला काआयोजन 27 और 28 मार्च को रायपुर में किया गया। कार्यशाला में लगभग 31 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिनमें महिला एवं पुरुष टीमों के कोच, फिल्डिंग कोच, टीम मैनेजर, फिजियों एवं ट्रेनर सम्मिलित हैं। कार्यशाला में सहायक स्टॉफ की क्षमताओं को बढाने महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी । कार्यशाला का संचालन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के हेड कोच हितेश गोस्वामी ने किया।

### सीएससीएस के खिलाड़ियों का कौशल बढ़ाने शिविर आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा



छत्तीसगढ़ के 80 उभरते हुये खिलाड़ियों हेतु कौशल विकास शिविर( स्किल डेवेलपमेंट कैंप) का आयोजन 29 मार्च से आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में शुरू किया जायेगा। शिविर 2 चरणों में विभाजित किया गया है। पहला चरण 29 मार्च से 7 अप्रैल तक तथा दूसरा चरण 8 अप्रैल से 17 अप्रैल तक होगा। शिविर में चयनित खिलाड़ियों के खेल कौशल में सुधार, फिटनेस तथा तकनीक पर विशेष ध्यान होगा। खिलाड़ियों का विडियों विश्लेषण कर उनके खेल में सुधार का प्रयास किया जावेगा। कैंप में प्रशिक्षित कोच, फिजियों, ट्रेनर तथा विडियो विश्लेषक द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जावेगा।

### राष्ट्रीय तलवारबाजी में शानदार प्रदर्शन कर रहे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**रायपुर।** फेंसिंग एसोसिएशन आँध्रप्रदेश द्वारा फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में 25वीं सब-जुनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन जी.एस.एल. मेडिकल कॉलेज एवं जनरल हॉस्पिटल, राजानगरम, राजामहेन्द्रवरम (आँध्रप्रदेश) में 25 मार्च से 28 मार्च तक किया गया। उक्त राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की सब-जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की 28 सदस्यीय टीम ने भाग लिया। उपरोक्त चैंपियनशिप में भाग लेने के पूर्व खिलाड़ियों के उत्कृष्ट हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की सब-जूनियर बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम का विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बहुउद्देशीय हॉल, इस्पात क्लब, सेक्टर-1, भिलाई एवं एम.जी.एम. हायर सेकंडरी स्कूल, गायत्री नगर, रायपुर में किया गया। हिस्सा ले रही सब-जुनियर बालक टीम में अंश साहू - फॉइल (रायपुर), चंद्र साई टेकराम - फॉइल (रायपुर), शौरीश श्रीवास्तव - फॉइल (रायपुर), चैतन्य शर्मा - फॉइल (दुर्ग), सामर्थ शर्मा - ईपी (बिलासपुर), श्रेयांष गुप्ता - ईपी (दुर्ग), वीर कुमार गुप्ता - ईपी (दुर्ग), भौमिक यादव - ईपी (दुर्ग), वेदान्त सिंह बघेल - सैबर (रायपुर), अभिग्य शर्मा - सैबर (रायपुर), दिव्यांश निर्मलकर - सैबर (रायपुर), ओमकार साहू - सैबर (बिलासपुर),प्रशिक्षक व्ही. जॉनसन सोलोमन (दुर्ग), और टीम के प्रबंधक अजय कुमार गोड़ (दुर्ग) शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ बुल्स रग्बी फुटबॉल टीम भुबनेश्वर रवाना



**रायपुर।** रग्बी इण्डिया द्वारा सीनियर राष्ट्रीय रग्बी 15 वीं डिवीजन रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन के.आई.आई.टी. परिसर, भुबनेश्वर (उड़ीसा) में 25 मार्च से 29 मार्च तक किया जा रहा है। इससे पहले रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिलासपुर, द्वारा 19 मार्च से 22 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेंट विंसेंट पल्लोटी स्कूल मंगला,बिलासपुर में किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन की सीनियर पुरूष वर्ग की टीम छत्तीसगढ़ढ़ बुल्स रग्बी भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष व वन मंत्री केदार कश्यप ने खिलाड़ियों को विजेता बनने की शुभकामनाएँ दी, तथा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों में शिवेंद्र यादव (कप्तान), शुभम मानिक (उपकप्तान), जी अविनाश, सिद्धांत निषाद, आफताब अली, मनीष सिंह, कृष्णा सारथी, रोहित भगत, अर्पण भारती, कुलदीप निर्मलकर, सोमनाथ लोधी, शुभांष शर्मा, लिसांशु साहू, एवन नेताम, ओम प्रकाश यादव, विश्वजीत, इंद्रपाल यादव, अनुग्रह शर्मा, मार्क ऑगस्टीन थॉमस, गिरीश विजय पार्थे, अंकेश कुमार पांडे, नवीन राव, प्रवीण ध्रुव , कोच ईशु राम छत्री व मैनेजर - संस्कार राजीव देवागन हैं।

#### जीवनशैली में बदलाव के साथ दूसरे उपायों से करें नियंत्रित

# जोड़ों के लिए परेशानियां बढ़ा देती है यूरिक एसिड, किडनी पर भी खतरा

जोड़ों में दर्द की समस्या आपके लिए दैनिक कार्यों को काफी कठिन बना सकती है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के अलावा जिन लोगों के ब्लड में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है उनको भी जोड़ों में दर्द और कई अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

यूरिक एसिड शरीर का एक सामान्य अपशिष्ट उत्पाद है। यह प्यूरीन नामक रसायन के ब्रेक डाउन से बनता है। प्यूरीन शरीर में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक पदार्थ है, कई खाद्य पदार्थों में भी इसकी मात्रा होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आमतौर पर गाउड या किडनी में पथरी के लक्षणों के बाद इस समस्या का पता चल पाता है। ब्लड में बढ़ी हुई यूरिक एसिड की स्थिति को हाइपरयुरिसीमिया के नाम से भी जाना जाता है। आइए जानते हैं कि ये स्थिति किस तरह की समस्याओं का कारण बनती है और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?



### हाई यूरिक एसिड की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आमतौर पर हाई यूरिक एसिड को जोड़ों में दर्द की समस्या के रूप में जाना जाता है, पर इसके दुष्प्रभाव यहीं तक सीमित नहीं हैं। ये गाउट और किडनी की बीमारी के जोखिमों को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। यूरिक एसिड जोड़ों और ऊतकों में जमा हो जाता है, जिससे दर्द होता है। इसके कारण होने वाली गाउट की समस्या आमतौर पैर के अंगूठे, जोड़ों, टखनों और घुटनों को प्रभावित करती है। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि यह हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट फेलियर के भी खतरे को बढ़ाने वाली दिक्कत हो सकती है। कुछ प्रकार के उपाय करके ब्लड में यूरिक एसिड के स्तर को कंट्रोल किया जा सकता है।

### शराब से बढ़ सकती हैं दिक्कतें

शराब पूरी सेहत के लिए हानिकारक मानी जाती है, इससे यूरिक एसिड और इसके कारण होने वाली दिक्कतें भी बढ़ सकती हैं। डॉक्टर कहते हैं, अल्कोहल का सेवन करने वाले लोगों में गाउट की समस्या बार-बार ट्रिगर होने का जोखिम रहता है। शराब जोड़ों के लिए भी नुकसानदायक मानी जाती है। डॉक्टर कहते हैं, शराब से बिल्कुल दूरी बनाकर रखें। ये इम्युनिटी को कमजोर करने के साथ रक्त से संबंधित समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।





### हाइपरयुरिसीमिया से कैसे बचा जा सकता है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हाइपरयुरिसीमिया को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है आहार को ठीक रखना। ऐसी चीजों के सेवन से बचा जाना चाहिए जिनमें प्यूरीन की अधिकता होती है। कुछ प्रकार के समुद्री भोजन और मछलियों में प्यूरीन की अधिकता होती है। यूरिक एसिड की समस्या से बचने या इसे कंट्रोल में रखने के लिए शराब, चीनी, रेड मीट के भी कम सेवन की सलाह दी जाती है।



## इंटर्नशिप के लिए ऐसे बनाएं अपना रिज्यूमे

अगर आपके सीनियर्स द्वारा आपको कोई काम सौंपा गया है, तो उन कामों को अच्छे ढंग से पूरा करने की कोशिश करें। अपने रिज्यूमे को ऑनलाइन भी शेयर करें। लिंक्डइन जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें।

कॉलेज के दौरान या कॉलेज के बाद ज्यादातर छात्र अपने कौशल को विकसित करने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए आवेदन करते हैं। इंटर्नशिप आमतौर पर एक अस्थायी और शॉर्ट टर्म नौकरी है, जो छात्रों को बड़ी कंपनियों से जुड़कर उनके व्यावहारिक कौशल और जॉब लाइफ को बेहतर बनाने में मदद करती है। इंटर्नशिप करने से छात्रों को नौकरी के लिए अपने रिज्यूम में नए मूल्य जोड़ने और उन लोगों से मिलने का अवसर प्राप्त होता है, जो उनके करियर को एक नई दिशा देते हैं।

### समय पर पहुंचें

याद रखें, आप जिस भी कंपनी में इंटर्नशिप के लिए जा रहे हैं, वहां का वातावरण आपके लिए बिल्कुल नया होगा। आप कंपनी के लिए अतिथि और नए सहकर्मी दोनों होंगे, इसलिए वहां मौजूद सभी लोगों का सम्मान करें। ऑफिस में समय से पहुंचने का खास ध्यान रखते हुए दिए गए कामों को शत-प्रतिशत करने का प्रयास करें।

### हर काम को बेहतर ढंग से पूरा करें

अगर आपके सीनियर्स द्वारा आपको कोई काम सौंपा गया है, तो उन कामों को अच्छे ढंग से पूरा करने की कोशिश करें। काम को करने के लिए आप अपनी ओर से जो भी प्रयास करते हैं, वह प्रबंधक के सामने आपकी अच्छी छवि बनाने में मदद कर सकता है। भले ही आपको कोई काम छोटा या महत्वहीन लगे, लेकिन इन सभी कामों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करें।

### काम के निमंत्रण का इंतजार न करें

कंपनी में इंटर्नशिप के दौरान आप अपने खाली समय का सदुपयोग अन्य नए और ऐसे कामों को करने में करें, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिले। इस अप्रोच से न केवल आपको सराहना मिलेगी, बल्कि इंटर्नशिप के बाद उसी कंपनी में फुल टाइम नौकरी करने का प्रस्ताव भी मिल सकता है। इंटर्न के तौर पर अपनी एक प्रभावी छवि बनाने के लिए नए-नए प्रयास कर सकते हैं।

### विषय की खुद खोज करें

ऑफिस में अपने सहकर्मियों और प्रबंधन से मदद मांगने से पहले इस विषय पर खुद से शोध करें और जब कभी समस्या आए तो दूसरों से सलाह मांगने से पहले खुद यह विचार करें कि आप उसे कैसे हल कर सकते हैं? इसके बाद किसी भी प्रश्न या दुविधा की स्थिति में अपने सहकर्मियों या सीनियर्स की मदद लेने में परहेज न करें, क्योंकि इंटर्नशिप का पहला उद्देश्य ही सीखना होता है।



### प्रोफेशनल रिलेशन भी जरूरी

इंटर्नशिप आमतौर पर कुछ महीनों के लिए ही होती है, इसलिए इस दौरान आपको अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने और ऑफिस में हाई प्रोफेशनल व अपनी टीम के साथ अच्छे संबंध बनाने पर भी खास ध्यान देना चाहिए। टीम के सदस्यों के साथ अच्छे संबंध बनाने से आपको अपनी वर्तमान भूमिका को समझने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा अपने सहकर्मियों को मदद की पेशकश करें और हाई प्रोफेशनल्स से भी सीखने का प्रयास करें। अपने रिज्यूमे को ऑनलाइन भी शेयर करें।

## आसान रेसिपी से मिनटों में बनाएं वेज फ्रैंकी और खाने का लें मजा

वेज फ्रैंकी बनाने का आसान तरीका आज हम आपको साथ शेयर करने वाले हैं। वेज फ्रैंकी खाने में काफी ज्यादा स्वादिष्ट होता है। अगर आप भी अपने बच्चों को कुछ खास लंच में देना चाहती हैं तो आपको उन्हें वेज फ्रैंकी बनाकर एक बार जरूर खिलाना चाहिए। यह हेल्दी होने के साथ ही स्वादिष्ट भी होता है। ऐसे में बच्चों के लिए इसका सेवन करना अच्छा होता है। इसे बनाने का तरीका काफी आसान होता है। आप इस आसानी से बना सकती हैं। जान लें इसे बनाने का तरीका।



### बनाने का तरीका

वेज फ्रैंकी बनाने के लिए आपको सबसे पहले सारी सब्जियों को कट कर लेना होगा। एक पैन ले और अब उसमे ऑयल डाल देना हैं। ऑयल के साथ ही आपको इसमें फिर मिर्ची प्याज़ को डाल देना है। बाद में इसमें लहसुन और पत्ता गोभी को डालकर लाल करें। एक मिनट भूनने के बाद इसे लाल करें। इसके बाद आपको इस मिश्रण में मिर्ची पाउडर हल्दी पाउडर नमक धनिया पाउडर डालना होगा। दो मिनट पकाने के बाद आपको गैस बंद कर देना है। इसके बाद आप चाहे तो आटे की रोटी बना सकती हैंइसके अलावा आप चाहे तो मैदा की भी रोटी बना सकती हैं। जिस मिश्रण को बनाया है उसे रोटी पर फैला दें। इसके बाद आप अपनी पसंद का रेड चिली सॉस या सोया सॉस डाल सकती है। वेज फ्रैंकी रोल बनकर तैयार हो चुका है। अब आप इसे अपने बच्चों को नाश्ते में दे सकती हैं। इसे बनाना काफी आसान है। इसके मिश्रण को रखकर आप चाहे तो सुबह के अलावा शाम के समय भी इसे बना सकती हैं।

## उत्तर दिशा में रखे जा सकते हैं ये पौधे, जीवन में आएंगी खुशियां



हम सभी अपने घर में कई तरह के पौधे रखते हैं। यह प्लांट्स ना केवल आपके घर की खूबसूरती को बढ़ाते हैं, बल्कि घर की हवा को भी शुद्ध करते हैं। इतना ही नहीं, जब आपके आसपास हरियाली होती है तो आपके मन को भी अच्छा लगता है और आप अधिक पॉजिटिव महसूस करते हैं। यूं तो आप अपने घर में कई तरह के प्लांट्स को रख सकते हैं, लेकिन अगर प्लांट्स रखते समय दिशाओं का ध्यान रखा जाए तो इससे आपको अधिक लाभ मिलता है।

### रखें एरोमेटिक प्लांट्स

अगर आप उत्तर दिशा में प्लांट रखने की सोच रहे हैं तो आप यहां पर एरोमेटिक प्लांट को यहां पर रखें। इन प्लांट्स से हल्की खुशबू निकलती है और जब आप इसके आसपास होते हैं, तो उस खुशबू से आपको काफी अच्छा लगता है। इस तरह के प्लांट उत्तर दिशा को और भी अधिक पॉजिटिव बनाते हैं।

### रखें मनी प्लांट

उत्तर दिशा में मनी प्लांट रखना बेहद ही अच्छा माना जाता है। अगर इस दिशा में मनी प्लांट रखा होता है तो व्यक्ति को कभी भी पैसों से जुड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आप जो भी प्रयास करेंगे, उनके सफल होने की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे आपको पैसों की समस्या कभी नहीं होगी। हालांकि, यह याद रखें कि आर्थिक रूप से संपन्न होने के लिए आपको प्रयास तो करना ही होगा।

### रखें जेड प्लांट

मनी प्लांट की ही तरह जेड प्लांट को भी एक बेहतरीन मनी बूस्टर माना जाता है। इसलिए, धन को आकर्षित करने और कुबेर की कृपा पाने के लिए उत्तर दिशा में जेड प्लांट भी रखा जा सकता है। इस प्लांट को रखने का एक फायदा यह भी होता है कि आपको इसकी बहुत अधिक केयर करने की जरूरत नहीं होती है। यह एक लो मेंटेनेंस प्लांट है। (वास्तु टिप्स)

### रखें पतली पत्ती के पौधे

आप उत्तर दिशा में ऐसे पौधों को भी रख सकते हैं, जो पतली पत्ती के होते हैं। इस तरह के पौधे घर में एक सकारात्मक वातावरण पैदा करते हैं। अगर आपने अपने घर की उत्तर दिशा में ऐसे प्लांट रखे हैं तो इससे घर के अंदर आते ही आपको एक शांति व सकारात्मकता का अहसास होता है।

कार्नर न्यूज

#### बाजार में बढ़ती मांग के चलते करियर के लिए बेहतर ऑप्शन

# कुकिंग में करियर बनाने की चाहत है तो खुले हैं संभावनाओं के द्वार

*टेस्टी खाना बनाने वालों की हर जगह डिमांड है। यह भी एक तरह की स्किल है, जिसकी मदद से आप अपना बिजनेस चाहें तो शुरू कर सकती हैं। इसके जरिए छोटे से स्टॉल से लेकर बड़े फाइव स्टार या इंटरनेशनल होटल में भी आप अपनी जगह बना सकती हैं। यह स्किल सबके बस की बात नहीं है। क्योंकि, यह भी हाथों का कमाल होता है। ऐसे में अगर आप कुकिंग बेकिंग या फिर किसी भी तरह की डिशेस बनाने में दिलचस्पी रखती हैं और आप खाने के साथ तरह-तरह की एक्सपेरिमेंट भी करना पसंद करती हैं, तो कुकिंग को अपना करियर चुन सकती हैं। इसी से संबंधित आज हम कुछ कोर्स के बारे में बताने वाले हैं, जिसे करने के बाद आप अपनी कुकिंग स्किल से अच्छी कमाई कर सकती हैं।*

*कुकिंग से संबंधित कोर्स*

*कुकिंग या बेकरी से संबंधित कोर्स की बात करें, तो इन दिनों कई संस्थानों में बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन, क्राफ्ट्समैनशिप कोर्स इन फूड एंड बेवरेज सर्विस मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट कोर्स इन कुकरी, सर्टिफिकेट कोर्स इन कुकरी फॉर होम मेकिंग, डिप्लोमा इन कुकरी, डिप्लोमा इन बेकरी एंड कन्फेक्शनरी जैसे कई कोर्स ऑफर किए जा रहे हैं। इनमें से कोई भी कोर्स आप अपनी सुविधानुसार कर सकती हैं।*



### कब कर सकती हैं कुकिंग कोर्स?

इन पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए आपको कम से कम 12 वीं पास करना जरूरी है। इसके लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं या स्नातक होना अनिवार्य है। इसके अलावा, 12वीं में इंग्लिश एक अनिवार्य विषय के रूप में होना चाहिए। साथ ही, कैंडिडेट को अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं का ज्ञान होना जरूरी है। अगर आप में ये सभी योग्यता है, तो आप करियर के लिहाज से कुकिंग का चयन कर सकती हैं।

### प्रमुख संस्थान

नेशनल काउंसिल फार होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नोएडा
इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली
लक्ष्य भारती इंस्टीट्यूट आफ इंटरनेशनल होटल मैनेजमेंट
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, हरियाणा

### यूट्यूब से भी कर सकती हैं कमाई

अगर आप में कुकिंग का टैलेंट है, तो आप अपना यूट्यूब चैनल बनाकर भी कमाई कर सकती हैं। इसके लिए आप तरह-तरह की डिशेज बनाते हुए वीडियो रिकॉर्ड करके चैनल पर अपलोड कर सकती हैं। इससे आपको जैसे ही अधिक व्यूअर मिलने लगेंगे, आपकी रीच बढ़ जाएगी और धीरे-धीरे आपकी अर्निंग भी शुरू हो जाएगी।



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### वूल्वरिन की भूमिका दोहराने के लिए ह्यू जैकमैन ने की कड़ी मेहनत



ह्यू जैकमैन ने 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए जमकर पसीना बहाया है। 55 साल के सुपरस्टार का वर्कआउट वीडियो एमसीयू फैंस को उत्साहित कर रहा है। ह्यू जैकमैन ने अपना वर्कआउट रूटीन साझा कर फैंस को आश्चर्यचकित कर दिया है। ह्यू 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने की तैयारी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए थ्रोबैक वीडियो में, 55 साल के अभिनेता ने अपने प्रभावशाली बाइसेप्स को फ्लॉन्ट किया। पिछले साल लिया गया फुटेज, मस्कुलर और क्लासिक एक्स-मेन दिखने के लिए जैकमैन के समर्पण को दर्शाता है। ह्यू को अपने ट्रेनर बेथ लुईस के मार्गदर्शन में खुद को आगे बढ़ाते देखा गया। वीडियो में लुईस के प्यारे साथी एंडी को भी दिखाया गया है, जो हॉलीवुड स्टार को बाइसेप्स एक्सरसाइज पूरा करने के लिए मजाकिया अंदाज में प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। 'डेडपूल 3' में जैकमैन के साथ रयान रेनॉल्ड्स मुख्य भूमिका में हैं। इसका फिल्मांकन जनवरी में समाप्त हो गया और फैंस को पिछले महीने के सुपर बाउल के दौरान पहला ट्रेलर देखने को मिला। वीडियो में, दर्शक द ग्रेटेस्ट शोमैन स्टार को वजन उठाते हुए देखकर उनके मुरीद हो गए हैं।

## टॉलीवुड

### 'मिस्टर बच्चन' बन धमाल मचाने को तैयार रवि तेजा



साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों हरीश शंकर के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म 'मिस्टर बच्चन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का नया शेड्यूल उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 24 मार्च को शुरू हुआ। फिल्म के सेट पर रवि तेजा ने शूटिंग शुरू की। वहीं अब फिल्म की शूटिंग को लेकर नया अपडेट सामने आया है और साथ ही इसकी रिलीज की तारीख को लेकर भी नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। 'मिस्टर बच्चन' की टीम फिल्म के नए शेड्यूल को जल्द से जल्द खत्म करने के विचार में है। निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को जून तक पूरा करने की योजना बनाई है। वहीं, निर्माता 'मिस्टर बच्चन' को इस साल जुलाई में रिलीज करने की योजना पर विचार कर रहे हैं। लखनऊ में शुरू हुई शूटिंग का लक्ष्य इस अवधि के दौरान फिल्म का आधा हिस्सा पूरा करना है। इससे पहले रवि तेजा ने संयुक्त राज्य अमेरिका में छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शूटिंग से छोटा ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद अब रवि तेजा शूटिंग सेट पर वापस आ चुके हैं। वहीं बात करें फिल्म की तो 'मिस्टर बच्चन' को अजय देवगन की लोकप्रिय हिंदी फिल्म 'रेड' का आधिकारिक रीमेक माना जा रहा है। फिल्म में रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं फिल्म में अभिनेता के अवतार को लेकर भी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के नाम की तरह ही रवि का लुक होगा यानी फिल्म में रवि तेजा का लुक बॉलीवुड के बिग बी से प्रेरित है और इसमें अमिताभ बच्चन के जीवन के युवा दिनों का लुक दिखाया जाएगा।

## छॉलीवुड

### छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' आज से दर्शकों के लिए अनूठी प्रेम कहानी



खुश्बू फिल्म्स वल्ड के बेनर तले बनी एवं खुश्बू जायसवाल द्वारा निर्मित तथा राजा खान द्वारा लिखित व निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' 29 मार्च से रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में प्रदर्शित होने जा रही है। राजा खान ने बताया कि अब तक छत्तीसगढ में बनी सभी फिल्मों से हटकर ये एक अनोखी प्रेम कहानी है। छॉलीवुड के चाकलेटी हिरो आकाश सोनी एवं यास्मीन जायसवाल द्वारा अभिनित इस फिल्म के गाने यू ट्यूब चैनल पर धूम मचा रहे हैं। डॉ. खुश्बू जयसवाल ने बताया कि फिल्म में रानू वर्मा,संजय जैन, पवन मानिकपूरी और रिंकू राजा ने महती भूमिका निभाई है। हालांकि यास्मीन जायसवाल की ये पहली फिल्म है लेकिन उन्होंने अपनी इस पहली ही फिल्म में बहुत ही उम्दा रोल किया है। वहीं इसमें रिंकू राजा ने इंस्पेक्टर का बहुत ही जर्बदस्त रोल किया है। इस फिल्म के लेखक राजा खान है और पहली बार वे कोरियोग्राफी भी की है। जा खान द्वारा निर्देशित ये दूसरी फिल्म है जो प्रदर्शित होने जा रही है, इससे पहले उनकी बहुचर्चित फिल्म घरौदा प्रदर्षित हो चुकी है, जो शुद्ध पारिवारिक, कमेडी और एक बहुत ही अच्छी संदेशप्रद कहानी थी, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया था। राजा खान ने घरौदा में एक और प्रयोग करते हुए छॉलीवुड के चरित्र अभिनेता शमशीर सिवानी से जबर्दस्त कॉमेडी करवाया था जो छॉलीवुड में बेहद ही चर्चा का विषय बना था। इस फिल्म के गीतकार ओमप्रकाश यादव, लक्ष्मण सियाराम, विनोद बोरकर, राहुल डडसेना, सुभाष यादव, संगीतकार ओमप्रकाश यादव, कोरियोग्राफर राजा खान, संजू तांडी, एनटीआर है जबकि गीतों को अपने मधुर और सुरीली आवाज से संजोया है छॉलीवुड के सुपर गायक सुनील सोनी, ओमप्रकाश यादव, अनुराग शर्मा, अनुपमा मिश्रा ने। इसके फाईट मास्टर टार्जन है।

## कोरियन जादू

लाइफ स्टाइल



स्ट्रे किड्स के कोरियन पॉप सुपरस्टार फेलिक्स ने लुई वुइटन फॉल विंटर 2024 शो में सबको चौंका दिया। लक्जरी फैशन हाउस के राजदूत इस 23 वर्षीय रैपर ने पेरिस फैशन वीक के दौरान 'स्क्विड गेम' ब्रेकआउट जंग होयोन के साथ शो के समापन का नेतृत्व किया। फेलिक्स और जंग होयोन पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में लुई वुइटन वूमेन्सवियर शो के दौरान रनवे पर चले।

## चेहरे को सिर्फ धोना काफी नहीं, निखार के लिए इन तरीकों को भी अपनाएं



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे अपने चेहरे और त्वचा से प्यार ना हो लेकिन सर्दी का मौसम त्वचा का निखार कम देता है। सर्दी के इस मौसम में रूखी-सूखी त्वचा से हर कोई परेशान रहता है। इसके लिए लोग कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, ताकि त्वचा का ग्लो बरकरार रहे। इन सभी प्रोडक्ट का इस्तेमाल साफ चेहरे पर ही किया जाता है। ऐसे में आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा, कि दिन में कम से कम दो बार चेहरा धोना जरूरी होता है।

ये बात सच भी है लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ चेहरा धोने से आप स्किन केयर नहीं कर सकते। इसके लिए आपको कई स्टेप्स फॉलो करने चाहिए। इन तरीकों के बारे में बहुत से लोगों को नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे स्किन केयर स्टेप्स बताएंगे, जिसका फॉलो करना बेहद ही आसान है और इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

**मेकअप को करें साफः** कहीं भी बाहर से आने के बाद आपका पहला काम मेकअप रिमूव करना होना चाहिए।। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो इससे आपके चेहरे पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

**करें डबल क्लींजिंगः** हर किसी को चेहरे की डबल क्लींजिंग ही करनी चाहिए। इसके लिए पहले ऑयल बेस्ड क्लींजर का उपयोग करना है और उसके बाद एक वॉटर बेस्ड क्लींजर का।

**एक्सफोलिएशन का रखें ध्यानः**
चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए आप रोज स्किन को एक्सफोलिएट जरूर करें। इससे चेहरे के पोर्स सही तरह से खुल जाएंगे।

**सीरम करें इस्तेमालः** चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बों को साफ करने के लिए फेस सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। इसे हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से ही खरीदें।

**आई केयरः** अपने पूरे चेहरे का ध्यान रखने के दौरान आंखों को भूलें नहीं। इसके लिए आपको बस अंडर आई मास्क का इस्तेमाल करना है। इससे आंखों के नीचे होने वाले काले घेरों से छुटकारा मिलेगा।

## इफ्तार पार्टी में होना है शामिल तो पहनकर जाएं इस तरह के सूट



फैशन

रमजान के पाक महीने की शुरुआत हो चुकी है। इस पूरे महीने लोग अल्लाह से अपने और अपने परिवारवालों के लिए दुआ मांगते हैं। इसके साथ ही वो सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करते हैं। इस पूरे महीने लोग रोजा भी रखते हैं, जो हर किसी के लिए काफी अहम होता है।



रोजे के दौरान सुबह सूरज निकलने से पहले सहरी खाकर इबादतों का सिलसिला शुरू होता है। इसके साथ ही सूरज ढलने के बाद रोजा खोल लिया जाता है। रोजा खोलने के लिए कई जगहों पर इफ्तार की दावत का आयोजन किया जाता है। इफ्तार की दावत बहुत से लोग अपने घरों में भी आयोजित करते हैं।

अगर आप भी कहीं इफ्तार की दावत में जाने वाली हैं, लेकिन कपड़ों को लेकर संशय में हैं कि क्या पहनकर जाना उचित होगा तो हम आपको कुछ ऐसे सूट दिखाने जा रहे हैं, जो आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।




**लाल अनारकलीः**
ऐसा लाल शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कमाल का लगेगा। इसके साथ आप चाहें तो हील्स भी कैरी कर सकती हैं। खुले बाल आपके इस लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे।

**डीपनेक अनारकलीः** अगर ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो इस तरह का डीपनेक अनारकली सूट आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसे बनवाते वक्त ध्यान रखें, कि इसमें घेर अच्छा खासा होना चाहिए।

**गुलाबी कॉटन सूटः** अगर चाहें तो ऐसा गुलाबी रंग का चिकनकारी सूती सूट आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। ऐसा सूट गर्मी के इस मौसम में काफी सही रहता है। इसे पहनकर आप और खूबसूरत दिखेंगी।

**फ्लोरल प्लाजोः** गर्मी का मौसम आ गया है। ऐसे में आप चाहें तो ऐसा फ्लोरल वर्क वाला कुर्ता और प्लाजो पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं। इसके साथ अगर आप नोज रिंग पहनेंगी, तो आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे।

## सोने और चांदी की ज्वेलरी जितनी ही खूबसूरत दिखती है ब्रास ज्वेलरी, जाने रख-रखाव का तरीका



ब्रास की ज्वेलरी की डिजाइंस और उसके रखरखाव के तरीकों को जानने के लिए आप एक्सपर्ट द्वारा दी गई जानकारी इस आर्टिकल में पढ़ सकती हैं। महिलाओं के श्रृंगार को तब तक अधूरा माना जाता है, जब तक वह ज्वेलरी न कैरी करें। वैसे तो भारतीय महिलाओं की पहली पसंद गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी है, मगर आजकल मॉडर्न और फैशनेबल ज्वेलरी का फैशन है। गोल्ड या सिल्वर की ट्रेडिशनल ज्वेलरी को रोज पहने जाने वाले कपड़ों के साथ नहीं पहना जा सकता है। बहुत सी महिलाओं को तो रोज ज्वेलरी बदल-बदल कर पहनने का शौक होता है। ऐसे में बाजार में आपको इमिटेशन ज्वेलरी में बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे। आजकल तो रोमन कल्चर में लोकप्रिय टाइटेनियम स्टील से बनी ज्वेलरी का फैशन चल रहा है। इसके अलावा मार्केट में आ रही ब्रास ज्वेलरी भी महिलाओं के बीच बहुत ज्यादा प्रचलित हो रही है।

ब्रास ज्वेलरी के साथ प्लस प्वॉइंट यह है कि इस पर गोल्ड या सिल्वर की पॉलिश चढ़ जाए, तो यह बहुत ही एक्सपेंसिव लुक देती है। अच्छी बात तो यह है कि पॉकेट फ्रेंडली होने के साथ ही आपको ब्रास ज्वेलरी में बहुत अच्छे डिजाइंस मिल जाएंगे। इस ज्वेलरी के बारे में हमने खास बातचीत की गार्गी बाय पीएन गाडगिल एंड सन के को-फाउंडर आदित्य मोदक से। आदित्य बताते हैं, 'ब्रास ज्वेलरी एलोय को मिक्स करके बनाई जाती है, इसलिए यह सोने-चांदी की ज्वेलरी की तरह डेलिकेट नहीं होती है। आप इसे लंबे समय तक कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको ट्रेडिशनल और मॉडर्न, दोनों तरह की ज्वेलरी मिल जाएगी।'

## लाल रंग की चूड़ी के ये सेट हैं नए, देखें डिजाइंस और बढ़ाएं हाथों की खूबसूरती

हाथों की खूबसूरती को दोगुना करने के लिए आप रंग-बिरंग चूड़ियों को लाल रंग के कंगन के साथ भी पहन सकती हैं।

हम सभी ट्रेडिशनल लुक के साथ तरह-तरह के चूड़ी के सेट बनाकर पहनते हैं। वहीं सुहागने ज्यादातर लाल रंग की चूड़ियां पहनना पसंद करती हैं। हालांकि चूड़ियों को इंडो-वेस्टर्न और कईवेस्टर्न लुक्स के साथ भी स्टाइल किया जाने लगा है।

लाल रंग में आपको कई डिजाइन वाली चूड़ियां देखने को मिल जाएंगी, जिन्हें आप कई तरीके से हाथों में पहन सकते हैं और हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लाल रंग की चूड़ियों के कुछ नए सेट और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान तरीके-



### लाल-हरी चूड़ी सेट

हरे के साथ ज्यादातर लाल रंग की ही चूड़ियां पहनी जाती है। इसमें आप बारीक चमकीली वाली चूड़ी खरीद सकती हैं। इस तरह की चूड़ी रोजाना से लेकर किसी पार्टी लुक के लिए भी पहनी जा सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के बीच में चौड़े डिजाइन का कंगन भी पहन सकती हैं।

### गोल्डन कंगन के साथ लाल चूड़ी सेट

गोल्डन कलर अपने आप में ही काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। इसमें आप लाल रंग की चूड़ियों के साथ गोल्डन कलर के कंगन का सेट बनाकर पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन के साथ पर्ल डिजाइन की पतली चूड़ियां भी बेस्ट लुक देने में मदद करेंगी।

### लाल-पीली चूड़ी सेट

लाल के साथ पीले रंग का कलर कॉम्बिनेशन बेस्ट नजर आता है। इस तरह की लाल-पीली चूड़ियों के साथ में आप हरे रंग या पिंक कलर को भी शामिल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

बालों को पीछे करने के अलावा भी जानिए और टिप्स

## स्लिक हेयर बैक स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी, स्टेप बाय स्टेप ये टिप्स आएंगे काम

*स्लिक हेयर बैक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही। इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। स्लिक हेयर बैक के लिए क्या-क्या करना होगा जानिए-*

*बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं।*



बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।

इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं। अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे। बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी।

अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।

अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।





अब बालों में कंघे का इस्तेमाल करें। इसे फॉरहेड से पीछे की ओर ले जाएं। आप चाहें तो इन्हें ब्लो ड्राय कर सकते हैं। लेकिन बालों में बार-बार हाथ न लगाएं।